RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 25 | जयपुर गुरूवार, 23 जुलाई 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

एक नजर



### भारत अपने मूल्यों व साहस से दुनिया का विश्वास जीतता है : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली (एजेंसी)। कुछ राष्ट्र अपनी बात शब्दों से कहते हैं। भारत अपने मूल्यों, अपने आचरण और अपने साहस से दुनिया का विश्वास जीतता है। यह बात बुधवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह, त्रि-सेवा विश्व परिक्रमा नौकायन अभियान के पूरा होने पर सैन्यकर्मियों के बीच बोल रहे थे। विश्व परिक्रमा नौकायन के इस अभियान को पूरी तरह से तीनों सेनाओं की महिला कर्मियों ने अंजाम दिया है। भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की महिला अधिकारियों ने एक ध्वज के तले यह अभियान पूरा किया है। यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि आज जब पूरा विश्व संयुक्त ऑपरेशन, इंटेग्रिटीड कमांड और मल्टी डोमेन वॉरफेयर की बात कर रहा है।



### राम मंदिर ट्रस्ट को पहले CEO के लिए अभी करना होगा इंतजार, स्क्रीनिंग प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई

नई दिल्ली (एजेंसी)। राम मंदिर के चढ़ावे में हेराफेरी के विवाद के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट बुधवार को अयोध्या में एक अहम बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में प्रशासनिक सुधारों पर चर्चा होगी, जिसमें राम मंदिर के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति और ट्रस्ट में खाली पड़े तीन पदों को भरने जैसे मुद्दे शामिल हैं। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि सीईओ की नियुक्ति पर अंतिम फैसला होने की संभावना कम है, क्योंकि आवेदकों की स्क्रीनिंग की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, सीईओ पद के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश करने के लिए बनाई गई।



### अश्लील कंटेंट पर सरकार की बड़ी कार्रवाई, पिछले 2 साल में 50 ओटीटी प्लेटफॉर्म किए ब्लॉकः अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने पिछले दो वर्षों में अश्लील कंटेंट दिखाने और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) एक्ट सहित अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोप में 50 ओटीटी प्लेटफॉर्म की भारत में सार्वजनिक पहुंच (पब्लिक एक्सेस) बंद कर दी है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में दी। लोकसभा में लिखित जवाब में मंत्री ने बताया कि यह कार्रवाई उन इंटरमीडियरी और ओटीटी प्लेटफॉर्म के खिलाफ की गई।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर मेट्रो फेज-2 का किया भूमि पूजन, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जयपुर को दी बड़ी सौगात**

# जयपुर मेट्रो बनेगी शहर की लाइफलाइनःमुख्यमंत्री



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सीतापुरा स्थित मेट्रो डिपो में जयपुर मेट्रो फेज-2 का विधिवत भूमि पूजन एवं शिला पूजन किया। साथ ही, उन्होंने पाइलिंग रिंग मशीन का पूजन कर पाइलिंग कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने लगभग 41 किमी लम्बे मेट्रो फेज-2 के मॉडल का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने मानसरोवर से छोटी चैपड़ तक किया मेट्रो में सफर, यात्रियों ने कहा- जयपुर मेट्रो फेज-2 का बेसब्री से इन्तजार

मुख्यमंत्री ने मानसरोवर से छोटी चैपड़ तक मेट्रो में यात्रा की और बच्चों तथा महिलाओं से बातचीत कर उनके मेट्रो यात्रा के अनुभव जाने। यात्रियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे बेसब्री से जयपुर मेट्रो फेज-2 का इन्तजार कर रहे हैं। प्रहलादपुरा से टोडी मोड तक की इस 41 किलोमीटर मेट्रो लाइन से अधिक से अधिक जयपुरवासियों को सुगम एवं सस्ते आवागमन की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री इसके बाद इलेक्ट्रिक बस में बैठकर मेट्रो डिपो साइट से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने विण्डो से टिकट लिया और छोटी चैपड़ तक मेट्रो में सफर किया। यात्रा के दौरान उन्होंने मेट्रो के कॉकपिट से फेज-2 के तहत खासाकोठी में बनने वाले इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन की साइट का भी अवलोकन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री छोटी चैपड़ मेट्रो स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने आर्ट गैलेरी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जयपुर में मेट्रो विस्तार बेहद जरूरी था, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जयपुर की जनता को फेज-2 की सौगात दी है। प्रधानमंत्री जिस कार्य का शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी करते हैं। वर्चुअल शिलान्यास के बाद 18 दिनों में ही सिविल कार्य की शुरूआत हो गई है। जल्द ही शहरवासियों को सुगम आवागमन के लिए बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। यह मेट्रो जयपुर की लाइफलाइन भी बनेगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप फेज-3 और फेज-4 का काम भी प्रारंभ किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जयपुर मेट्रो फेज-2 के अन्तर्गत प्रहलादपुरा से टोडी मोड तक उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यह कॉरिडोर सीतापुरा से लेकर वीकेआईए तक के औद्योगिक एवं आवासीय क्षेत्रों को जोड़ते हुए जयपुर की जीवनरेखा के रूप में कार्य करेगा। इस कॉरिडोर की कुल लागत 13 हजार 37 करोड़ रूपये से अधिक है। यह फेज-2 कॉरिडोर सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, वीकेआईए, जयपुर एयरपोर्ट, टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल और स्टेडियम, कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन, अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इस परियोजना में एयरपोर्ट क्षेत्र में भूमिगत स्टेशन भी शामिल होगा, जिससे शहर में एकीकृत और निरंतर मेट्रो नेटवर्क सुनिश्चित होगा। परियोजना के फेज-2 के पहले पैकेज में 918 करोड़ से अधिक की लागत के कार्यों के लिए एलओए (स्वीकृति पत्र) जारी भी हो चुका है।

कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, विधायक कैलाश चन्द वर्मा, गोपाल शर्मा, बालमुकुन्दाचार्य, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, आरएमआरसीएल एमडी वैभव गालरिया सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## आक्रोशित कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय के समक्ष प्रधानमंत्री का पुतला फूंका, जमकर की नारेबाजी



मेड़ता सिटी।मेड़ता सिविल लाइन स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसजनों ने इकट्ठा होकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला, पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ,विधानसभा प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेड़ा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य लालाराम नायक,युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र बापेड़िया इत्यादि के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से लेकर उपखंड कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए उपखंड अधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने कहा कि छात्रों पर जो अत्याचार हुआ है उसके विरोध में यह पुतला दहन किया गया है।इसकी संसद में चर्चा को जानी चाहिए।

प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि कहा कि विभिन्न मुद्दे जिसमें नीट पेपर लीक घोटाले को लेकर संसद में चर्चा, दिल्ली में चल रहा छात्रों का संघर्ष के दौरान की गई लाठी चार्ज की कांग्रेस पार्टी निंदा करती है।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेड़ा में कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला ने कहा कि देश का युवा अब जाग चुका है और मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिले निर्देश के अनुसार यह पुतला दहन संपूर्ण राजस्थान में ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर किया गया है। कल लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री आवास का भी घेराव किया था। उसे दौरान उनके साथ किए गए गदुर्व्यवहार को लेकर भी कांग्रेसियों में रोष दिखा।

इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि, ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेड़ा ,कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला, संगठन महामंत्री राजेंद्र राव, युवा विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र बापेड़िया प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य लालाराम नायक,किसान नेता कालूराम बेड़ा, नगर उपाध्यक्ष दौलत राम गोदारा,जिला उपाध्यक्ष रामनिवास मिस्त्री कलरू,रहमत गोरी,मूल सिंह देवड़ा,संतोष गंगारड़ा, अनुराम जाजड़ा,मंडल बाबूलाल मेहरा,जब्बार कुरैशी,जीसान अली,मंडल अध्यक्ष पूनाराम गोलिया,उदयराज जनागल,जपी चौहान,हीराराम लटियाल,कालू खान देशवाली,पार्षद शेर मोहम्मद देशवाली, कलाम बेहलीम, सोनू शाकिर,मुश्ताक मंसूरी, रहमत अली गोरी ,दशरथ सारस्वत,पार्षद अमजद केके,हरीश भाटी प्रवीण एडवोकेट,अहमद राजा अयूब खान पूर्व सरपंच, निजामुद्दीन गोयल मंगलाराम वाल्मीकि, मनवर खान, गणपत लाल डांगा हेमाराम बेड़ा अरविंद सिरोही आमिर खान इत्यादि मौजूद थे।

## मेड़ता में लोकदेवता वीरवर श्री कल्लाजी राठौड़ की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न





मेड़ता सिटी। वीरभूमि राजस्थान ने एक से बढ़कर एक महान योद्धा दिए हैं, लेकिन वागड़ के लोकदेवता वीरवर श्री कल्लाजी राठौड़ का चतुर्भुज रूप में प्रदर्शित अद्वितीय रणकौशल इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अमर है। अपने कंधों पर वीर शिरोमणि राव जयमल जी राठौड़ को बैठाकर दोनों हाथों में तलवार धारण कर शत्रु सेना का सामना करने वाला उनका अद्भुत पराक्रम विश्व इतिहास में भी विरला माना जाता है। इसी अमर शौर्य की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से श्री चारभुजानाथ एवं शिरोमणि मीराबाई मंदिर, मेड़ता सिटी में लोकदेवता वीरवर श्री कल्लाजी राठौड़ की दिव्य प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपरा के साथ सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हवन-यज्ञ से हुआ। पंडित पंकज व्यास एवं पंडित राकेश व्यास के आचार्यत्व में वैदिक विधि-विधान से हवन-यज्ञ एवं सम्पूर्ण प्राण-प्रतिष्ठा संस्कार सम्पन्न कराया गया। हवन में डॉ. योगेश कुमार शर्मा, पूर्व सरपंच हमीर सिंह रेन, जगदीश सिंह आकेली, रामसिंह ढावा एवं भंवर सिंह ढावा ने सपत्नीक वैदिक आहुतियां अर्पित कीं। दोपहर में शुभ मुहूर्त में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर सूरजकुंड (राजसमंद) के पूज्य गुरुदेव श्री अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। गुरुदेव ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए लोकदेवता श्री कल्लाजी राठौड़ के शौर्य, त्याग एवं धर्मरक्षा के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत श्रद्धालुओं ने नवप्रतिष्ठित विग्रह के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। निर्माण समिति के सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि श्री कल्लाजी राठौड़ की 5.15 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा का निर्माण श्री चतुर्भुज शिक्षा समिति, मेड़ता एवं डॉ. योगेश कुमार शर्मा के सहयोग से कराया गया है। पवित्र अम्बाजी पत्थर से निर्मित इस दिव्य प्रतिमा का निर्माण तलवाड़ा (बांसवाड़ा) के प्रसिद्ध सोमपुरा शिल्पकारों द्वारा किया गया है।

समारोह में श्री चतुर्भुज शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं निवर्तमान भैंरूदा प्रधान जसवंत सिंह थाटा, पूर्व सरपंच ठाकुर हरदयाल सिंह रियाश्यामदास, पूर्व सरपंच नारायण सिंह गोटन, शिक्षक नेता शिम्भु सिंह लिलिया, निवर्तमान सरपंच रवीन्द्र सिंह बनवाड़ा, रघुवीर सिंह गुढ़ा, शिक्षाविद् भवानी सिंह मेड़तिया, पूर्व भवानी सिंह पूनास, इन्द्र सिंह रेण, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह आकेली, बी. शैतान सिंह कुंपड़ास, भवानी सिंह ढाबरियाणी, गोविन्द सिंह हिदास, नरेंद्र सिंह जसनगर, धीरज भाई (वड़ोदरा), गोविन्द सिंह निम्बोला, इन्द्र सिंह पालड़ी, श्याम सिंह लोरोली तथा भगवान सिंह, सज्जन सिंह रियां, मगसिंह असावरी रणजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह शेखावत, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बडला नवमी पर किया बड़ पीपल विवाह सम्पन्न



मेड़ता सिटी । समीपवर्ती ग्राम डांगावास के राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में 4 वर्ष पूर्व लगाए बड़ पीपल का विवाह पूर्ण धार्मिक एवं सामजिक रीति रिवाज से संपन्न हुआ । पण्डित विजय दाधीच जलवाना एवं सहयोगी पण्डित शुभम जोशी ने वैदिक मन्त्रोच्चार से आहुतियां दिलाकर बड़ पीपल विवाह सम्पन्न कराया । पण्डित शुभम जोशी ने कहा कि ऐसे मांगलिक कार्य म करते रहना चाहिए ताकि बच्चे भी भारतीय संस्कृति से रुबरु हो सके । संस्था प्रधान पुखराज सेन ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के कर्मचारी, कैलाश शर्मा, मदन लाल, श्री किशन जादम, स्वयं सेवक सुशील शर्मा स्वयम सेविका पिंकी सिखवाल एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बीजेपी का कांग्रेस मुख्यालय घेराव चोरी और सीनाजोरीः डोटासरा

जयपुर। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में स्टूडेंट्स के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज के बाद सियासी विवाद जयपुर पहुंच गया है। बीजेपी ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय घेराव के लिए मार्च किया तो बदले में कांग्रेस ने भी बीजेपी मुख्यालय का घेराव करने करने की घोषणा कर दी। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी के घेराव पर तंज कसते हुए इसे चोरी और सीनाजोरी करार दिया। डोटासरा ने सोशल मीडिया एक्स के अपने अकाउंट पर लिखा-उल्टे बांस बरेली को वाली कहावत जयपुर में पूरी तरह चरितार्थ हो रही है।

युवक का शव मिला

## जंगल में युवक का शव मिला,हत्या की आशंका

शरीर पर चोट के कई निशान; एफएसएल टीम ने जुटाए सबूत

जयपुर। जयपुर के हरमाड़ा में आज सुबह एक युवक का शव मिला है। युवक के शरीर पर चोट के निशान है, इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। युवक की पहचान नहीं हुई है। जानकारी अनुसार- युवक का शव चेतन पर्वत के पास जंगल में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण और हरमाड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र भडाणा मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं।

‘प्रसव सखी’ व्यवस्था | मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नई पहल

## सरकारी अस्पतालों में हाई रिस्क गर्भवतियों के लिए शुरू होगी ‘प्रसव सखी’ व्यवस्था




जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में उच्च जोखिम (हाई रिस्क) वाली गर्भवती महिलाओं को बेहतर सहयोग, मार्गदर्शन और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए ‘प्रसव सखी’ व्यवस्था शुरू की जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार यह व्यवस्था मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पतालों, जिला चिकित्सालयों तथा अधिक प्रसव भार वाले प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) में चरणबद्ध रूप से लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पेशेंट सेंट्रिक, रिस्पॉन्सिव, समन्वित और सम्मानजनक बनाना है। नई व्यवस्था के तहत पिंक एप्रिन में तैनात प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी, एएनएम अथवा अन्य चयनित महिला स्वास्थ्यकर्मी ‘प्रसव सखी’ के रूप में कार्य करेंगी। वे अस्पताल पहुंचने वाली हाई रिस्क गर्भवती महिला के साथ भर्ती से लेकर प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल और डिस्चार्ज तक हर चरण में सहयोग करेंगी। पंजीयन, जांच, चिकित्सकीय परामर्श, उपचार, विशेषज्ञ सेवाओं से जोड़ने और आवश्यकता पड़ने पर रेफरल प्रक्रिया में भी समन्वय सुनिश्चित करेंगी। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रत्येक चिन्हित अस्पताल में 24म7 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे, जो गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों के लिए प्रथम संपर्क केंद्र होंगे। हेल्प डेस्क पर तैनात प्रसव सखी अस्पताल की विभिन्न सेवाओं, जांचों और उपचार संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ मरीजों एवं परिजनों का मार्गदर्शन करेंगी। साथ ही 104 जननी एक्सप्रेस, हेल्प डेस्क और प्रसव सखी की एकीकृत व्यवस्था के माध्यम से घर से अस्पताल तक सुरक्षित परिवहन और अस्पताल में निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। हाई रिस्क गर्भवतियों को परिवहन एवं उपचार में प्राथमिकता दी जाएगी।

### जयपुर में मर्सिडीज ने एक्टिवा सवार युवक को कुचला, मौत

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के मालवीय नगर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए एक दर्दनाक हिट एंड रन हादसे में एक्टिवा सवार 40 साल के युवक की मौत हो गई।

मॉडल टाउन के पास नाबार्ड कॉलोनी के सामने जगतपुरा रोड पर तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने पीछे से स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि कार को एक युवती चला रही थी।

# राजस्थान पुलिस का प्रदेशव्यापी विशेष अभियान शुरू

## पहले 2 दिनों में 1259 हार्डकोर अपराधियों पर कार्रवाई

### अपराधियों, नशा तस्करों और यातायात नियम तोड़ने वालों पर हुआ एक्शन

### 220 एनडीपीएस प्रकरण में 221 आरोपी गिरफ्तार

### एमवी एक्ट में 24 हजार 816 कार्रवाई

*स्मार्ट हलचल*

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशाओं के अनुसार राजस्थान पुलिस ने पूरे प्रदेश में 20 जुलाई से 20 अगस्त तक एक माह का विशेष अभियान प्रारंभ कर अपराधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को एक बार फिर मजबूती से सामने ररखा है । राजस्थान पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार सभी पुलिस रेंज और दो पुलिस आयुक्तालयों में एक साथ संचालित इस अभियान के दौरान हार्डकोर अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों, साइबर अपराधियों, अवैध हथियार रखने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करना रहा।





**हार्डकोर अपराधियों पर सबसे बड़ा प्रहार**

विशेष अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में 1259 हार्डकोर अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की गई। हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार करने के साथ ही कई स्थानों पर निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया।

**नशे के नेटवर्क पर करारा वार**

विशेष अभियान में राजस्थान पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर निर्णायक प्रहार करते हुए 220 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज किए तथा 221 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान विभिन्न रेंजों में मादक पदार्थों की बरामदगी के साथ तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। नशे के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान बीकानेर रेंज में वाणिज्यिक रूप से 1.700 किग्रा 67 मिग्रा हैरोइन, 2.805 किग्रा गांजा, 4 किग्रा डोडा पोस्त और 60.48 मिग्रा एमडी जब्त की गई। इसी प्रकार फार्मा ड्रग्ससे संबंधित कार्यवाही में 1065 टेबलेट जब्त की गई वहीं अन्य कार्यवाही में 398.69 ग्राम चिट्टा व 60.095 किलोग्राम पोस्त जब्त किया गया।

**साइबर अपराधियों, अवैध हथियार और अपराध नेटवर्क पर भी कार्रवाई**

अभियान के दौरान साइबर अपराधों के विरुद्ध 52 मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 111 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। साइबर अपराधियों से 1 करोड़ 41 लाख 89 हजार 442 रुपये बरामद किए गए वहीं 11 लाख 25 हजार 197 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए गए। इसके साथ ही अवैध हथियारों से जुड़े 45 प्रकरण दर्ज कर अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। साइबर हॉटस्पॉट की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर तथा अन्य विशेष अपराधों के विरुद्ध भी अभियान लगातार जारी रहा। अवैध खनन के विरूद्ध 75 प्रकरणों में कार्यवाही की गई।

**नाकाबंदी और यातायात अभियान से अपराधियों की राह हुई मुश्किल**

राज्यभर में व्यापक स्तर पर नाकाबंदी कर 80 हजार 264 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए 24 हजार 816 मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत कार्रवाई की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 1 हजार 603 , बिना हेलमेट वाले 26 हजार 274, बिना सीट बेल्ट वाले 1 हजार 637, काली फिल्म वाले 1 हजार 457, ओवरलोड पर 5 हजार 580 वाहनधारियों के विरूद्ध तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 33 हजार 341 प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही की गई। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ अपराधियों की आवाजाही पर भी प्रभावी अंकुश लगाना रहा।

**महिला सुरक्षा और जनभागीदारी पर विशेष जोर**

महिला सुरक्षा को अभियान की प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए 403 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई और 642 स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाए गए। पुलिस और समाज के बीच विश्वास को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में 1685 कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (सीएलजी) बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

**हर रेंज ने निभाई अहम भूमिका**

अभियान में सभी पुलिस रेंजों और आयुक्तालयों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। जयपुर रेंज ने 247 हार्डकोर अपराधियों की पहचान तथा 4 हजार 958 एमवी एक्ट कार्रवाइयों के साथ अग्रणी भूमिका निभाई। बीकानेर रेंज ने 81 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर नशा तस्करों के विरुद्ध सबसे प्रभावी कार्रवाई की।...

# अम्बेडकर सर्किल-एफसीआई रोड की जर्जर सड़क पर फूटा लोगों का गुस्सा, वर्षों से बदहाल



## बारिश में गड्ढों में भरता पानी, हादसों का बढ़ा खतरा, निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

*स्मार्ट हलचल*

**भीलवाड़ा।** शहर के अम्बेडकर सर्किल से अरिहंत हॉस्पिटल होते हुए एफसीआई रोड तक जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश सामने आया है। लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी इस सड़क के निर्माण और मरम्मत की मांग को लेकर नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र (कुनाल) गोरण के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने बुधवार को नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि अम्बेडकर सर्किल से पूरण जी गहलोत के मकान तक जाने वाला मुख्य मार्ग जगह-जगह से उखड़ चुका है और गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है। इससे प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र गोरण ने कहा कि बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड 24 और 27 की सीमा पर होने के कारण यह सड़क वर्षों से उपेक्षा का शिकार बनी हुई है और किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसकी सुध नहीं ली। क्षेत्रवासियों ने निगम आयुक्त से सड़क का तत्काल निरीक्षण कराकर नई सड़क निर्माण अथवा आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण लोट, रोहित डगला, चंदन गवारिया, मानसिंह आर्य, साहिल टांक, अविनाश गोरण, करण आदिवाल, अमित कंडारा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पीथास में श्मशान घाट की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त



### अंतिम संस्कार तक को तरस रहे लोग

**भीलवाड़ा** / जिले के मांडल तहसील के पीथास ग्राम में शमशान घाट की अभी तक कोई स्थाई व्यवस्था नहीं होने से ग्रामवासियों में रोष व्याप्त है बरसात के कारण बुधवार को एक शव के अंतिम संस्कार के लिए भी चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा ग्राम पंचायत प्रशासक छोटू सिंह चुंडावत ने येन केन अपनी निजी राशि से श्मशान घाट पर टीन शेड की व्यवस्था करवाई उसके बाद अंतिम संस्कार हुआ ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम में नदी किनारे बना एकमात्र श्मशान घाट मेजा बांध भरने के बाद पूरी तरह जलमग्न हो जाता है जिससे काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है मजबूरी में परिजनों को अस्थाई इंतजामों के सहारे दाह संस्कार करना पड़ता है जो मानव गरिमा के साथ खुला खिलवाड़ है वही ग्राम में वैकल्पिक रूप से बनाया गया श्मशान घाट भी बदहाली का शिकार है ना वहां टीन शेड है, ना चारदीवारी चारों तरफ चारदीवारी के अभाव में गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिससे दुर्गंध फैली रहती है इस कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती हैं टीन शेड के अभाव में लोगों को बरसात के समय दाह संस्कार करने में काफी असुविधाएं उठानी पड़ती है ग्राम पंचायत प्रशासक छोटू सिंह चुंडावत ने बताया कि श्मशान घाट की अभी जहाँ वैकल्पिक रूप से जो व्यवस्था कर रखी है वह भूमि पेटा काश्त में होने के कारण नियमानुसार पक्का निर्माण नहीं करवा सकते हैं। श्मशान घाट की स्थाई व्यवस्था हेतु भूमि आवंटन के लिए प्रक्रिया जारी हैं ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या का अतिशीघ्र स्थाई समाधान कराने की मांग की है

# बनेड़ा क्षेत्र में जंगली सूअरों का आतंक

*स्मार्ट हलचल*



**बनेड़ा** - उपखंड सर्किल में जंगली सुअरों के आतंक से किसानों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निकटवर्ती सरदारनगर गांव के भेरूलाल गाडरी ने बताया कि उसने अपने खेत में पौन बीघा में मक्का अगेती बुवाई कि । फसल पकने के कगार पर थी ?। मगर बिती रात्रि को जंगली सुअरों ने आधी से मक्का की फसल को बर्बाद कर के रख दिया। क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ती जंगली सुअरों की तादाद से किसानों की नींद हराम होने लगी है।

### भीलवाड़ाः शिकायत के कई दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

# अवैध शराब बिक्री व एक्सपायरी सामान के विरोध में ग्रामीणों ने फिर उठाई आवाज

*स्मार्ट हलचल*

**भीलवाड़ा ।** ग्राम अमरवासली के वार्ड 4 एवं 6 में अवैध शराब बिक्री और एक्सपायरी डेट का खाद्य सामग्री बेचने के मामले में प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों द्वारा हनुमान नगर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपे हुए काफी समय बीत जाने के बावजूद अब तक हनुमान नगर थाना द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि अमरवासली स्थित भारत प्रोविजन जनरल स्टोर के पास श्री रामदेव मंदिर एवं श्री गणेश जी महाराज मंदिर के समीप लंबे समय से नियमों की अनदेखी करते हुए शराब बेची जा रही है। इससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे धार्मिक माहौल प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि दुकान पर एक्सपायरी डेट का राशन एवं खाद्य सामग्री बेची जा रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के भी आरोप लगाए गए हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत एवं ज्ञापन दिया गया था, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। अब ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, एक्सपायरी डेट के सामान की खाद्य सुरक्षा विभाग से जांच कराई जाए तथा शिकायत में लगाए गए सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनहित में आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# फुलिया कलां पुलिस की अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डम्पर जब्त, चालक गिरफ्तार

*स्मार्ट हलचल*

**फुलिया।** कलां उपखंड में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फुलियाकलां थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे एक डम्पर को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में एमएमडीआर एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही डम्पर मालिक और बजरी भरने वालों की तलाश जारी है।जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा अंजुम कायम एवं वृत्ताधिकारी शाहपुरा ओमप्रकाश विश्नोई के सुपरविजन में थाना प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने बुधवार को अवैध खनन एवं परिवहन रोकथाम के लिए क्षेत्र में विशेष गश्त की।गश्त के दौरान बासेड़ा से पहले पुलिया के पास एक बिना नंबर का टाटा डम्पर संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रुकवाकर जांच की तो उसमें करीब 35 टन बजरी भरी हुई मिली। चालक से बजरी परिवहन संबंधी रवन्ना (टी.पी.) मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।पूछताछ में चालक ने अपना नाम हनुमान गुर्जर (26) निवासी भीमडावास, थाना केकड़ी सदर, जिला अजमेर बताया। वहीं डम्पर का मालिक भंवरलाल चाड़ा निवासी रणगारी, थाना फुलियाकलां होना सामने आया। पुलिस के अनुसार बिना वैध अनुमति के बजरी का परिवहन कर राज्य सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था।पुलिस ने चालक हनुमान गुर्जर को गिरफ्तार कर बजरी से भरे डम्पर को जब्त कर लिया है। मामले में एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 4/21 तथा बीएनएस 2023 की धारा 303(2) एवं 112(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस डम्पर मालिक एवं अवैध रूप से बजरी भरने वाले अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में थाना प्रभारी दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक कैलाशचंद्र, कांस्टेबल विक्रम तथा भवानी प्रताप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# MGH में मोबाइल चोरी से हड़कंप, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर



## अस्पताल प्रबंधन के नाक के नीचे हो रही चोरियां, सुरक्षा पर सवाल

*स्मार्ट हलचल*

**भीलवाड़ा।** महात्मा गांधी चिकित्सालय में मरीजों के मोबाइल चोरी होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला अस्पताल परिसर के एक वार्ड का है जहां एक युवक को मोबाइल चोरी करते हुए सीसीटीवी में कैद किया गया है। फुटेज में युवक वार्ड में घुसकर मरीज के पास रखे मोबाइल को चुराता दिख रहा है। वहीं ड्यूटी में नर्सिंग कर्मी का भी मोबाइल चोरी हो। इस मामले को लेकर भीमगंज थाना पुलिस तपतीस कर रही हैं घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात होम गार्ड ने मौके पर ही आरोपी युवक को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी गई और आरोपी से पूछताछ की जा रही है। लगातार बढ़ती चोरियों के बाद अब अस्पताल प्रबंधन जागा है। प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक कमेटी गठित की है। कमेटी अस्पताल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के उपाय सुझाएगी।

## खेत पर जाते समय करंट लगने से महिला की मौत,

# ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

*स्मार्ट हलचल*



**बिजौलियाँ ।** बिजोलिया थाना सर्किल के गिरधरपुरा गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब 11 केवी की बिजली लाइन टूटकर खेत की ओर जा रही एक महिला पर आ गिरा । गिरधरपुरा निवासी प्रेम देवी धाकड़ (50), पत्नी भगवान लाल धाकड़, अपने खेत जा रही थीं, तभी पास के पोल से लटक रही बिजली लाइन अचानक टूटकर उनके कंधे पर गिर पड़ी। तेज करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल पहुंचे। एहतियातन क्षेत्र की बिजली आपूर्ति तुरंत बंद करा दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश देखा गया, और उन्होंने शव को मौके पर ही रखकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे कई जगह बिजली के तार लंबे समय से नीचे लटके हुए हैं, जिसकी शिकायत विभाग से बार-बार की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

# बेटे की मौत से दुखी पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ ने कानपुर में खुद को गोली से उढ़ाया

*स्मार्ट हलचल*

**कानपुर।** मौत किसी न किसी बहाने से इंसान को अपने साथ ले जाती है। कुछ ऐसा ही हुआ छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष के साथ, जिन्हें मौत बेटे के गम के बहाने अपने साथ ले गई। उन्होंने कानपुर में खुद को गोली से उड़ा दिया। यह घटना यहां के हनुमंत विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंत विहार में हुई। परिवार के अनुसार, आलोक सिंह कल मंगलवार शाम अपने कमरे में गए और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। जानकारी के मुताबिक आज बुधवार सुबह जब देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा. बिस्तर पर उनका खून से लथपथ शव पड़ा मिला। इस दौरान पुलिस द्वारा कीगई प्रारंभिक जांच में पता चला कि आलोक सिंह ने अपनी लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से सिर में गोली मारी। फिलहाल कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच यह भी पता चला है कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाई भी रहे आलोक सिंह की पत्नी विनीता पिछले दो वर्षों से दोनों बेटियों के साथ लखनऊ में रह रही थीं। परिजनों का कहना है कि बेटे की मौत के बाद पारिवारिक दूरी और तनाव के कारण आलोक सिंह शराब का अधिक सेवन भी करने लगे थे। वहीं दूसरी हनुमंत विहार थाना प्रभारी ने प्रारंभिक जांच में घटना आत्महत्या ही प्रतीत होने की संभावना जताते हुए आलोक सिंह की लाइसेंसी बंदूक को कब्जे में लेने और घटना की जांच किए जाने की बात कही है।

# अजमेर दरगाह या शिव मंदिर कोर्ट में पेश किए गए नए ऐतिहासिक साक्ष्य, अगली सुनवाई 19 सितंबर को

*स्मार्ट हलचल*

**अजमेर।** अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह परिसर में कथित शिव मंदिर होने के दावे से जुड़े बहुचर्चित मामले में बुधवार को अजमेर जिला न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान वादी पक्ष ने अदालत के समक्ष नए दस्तावेज और कथित ऐतिहासिक साक्ष्य पेश किए। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले की अगली तारीख 19 सितंबर 2026 तय की है।

**वादी पक्ष ने अदालत में पेश किए नए दस्तावेज**

सुनवाई के दौरान हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से संशोधित दावा अदालत में दाखिल किया गया। इसके साथ कई नए दस्तावेज और कथित ऐतिहासिक साक्ष्य भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। वादी पक्ष का कहना है कि इन दस्तावेजों से उनके दावे को मजबूती मिलती है। हालांकि, इन दावों की सत्यता पर अंतिम फैसला अदालत की सुनवाई और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही होगा।



### वर्ष 1120 की पुस्तक का भी किया गया उल्लेख

वादी पक्ष की ओर से दावा किया गया कि प्रस्तुत साक्ष्यों में वर्ष 1120 की बताई जा रही पुस्तक 'दलील-उल-आरफीन' भी शामिल है। उनका कहना है कि यह पुस्तक ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के शिष्य कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी द्वारा लिखी गई थी। वादी पक्ष ने अदालत में यह भी दावा किया कि संबंधित स्थल मूल रूप से भगवान शिव का मंदिर था और बाद में वहां दरगाह का निर्माण किया गया। हालांकि, यह वादी पक्ष का दावा है और इसकी सत्यता का अंतिम निर्णय न्यायालय ही करेगा।

**प्रतिवादी बनने की आठ याचिकाएं पहले ही हो चुकी हैं खारिज**

महाराणा प्रताप सेना के वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट के वकील ए.पी. सिंह ने बताया कि मामले में प्रतिवादी बनने के लिए दायर आठ याचिकाओं को अदालत पहले ही खारिज कर चुकी है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने संबंधित आवेदकों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था, लेकिन अब तक जुर्माने की राशि जमा नहीं कराई गई है। उनके अनुसार यह न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है।

**19 सितंबर को होगी अगली सुनवाई**

सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से कानूनी प्रक्रिया जारी रही। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 19 सितंबर 2026 की तारीख तय की है। इस बहुचर्चित मामले में आगे की सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क और साक्ष्य अदालत के समक्ष पेश करेंगे।

# भीलवाड़ा पुलिस का मेगा एक्शन: 12 थानों से 37 उपद्रवी गिरफ्तार, 9 थानों के 15 फरार आरोपी भी दबोचे

## शांति भंग, अवैध खनन, एनडीपीएस, आबकारी और वारंट मामलों में एक साथ कार्रवाई, जिलेभर में चला विशेष अभियान

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** जिले में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसते हुए भीलवाड़ा पुलिस ने मंगलवार को बड़ा अभियान चलाया। 12 पुलिस थानों में शांति भंग के आरोप में 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 9 थानों में दर्ज विभिन्न मामलों के 15 वांछित आरोपियों को भी दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ बीएनएसएस, बीएनएस, एनडीपीएस एक्ट, एमएमडीआर एक्ट, आबकारी अधिनियम और एनआई एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई।

**इन थानों में हुई शांति भंग की कार्रवाई**

शाहपुरा थाना पुलिस ने जगदीश, सांवरलाल बावरी और मनोज को गिरफ्तार किया। जहाजपुर थाना पुलिस ने राजेन्द्र मीणा, बालेन्द्र सिंह मीणा, नरसिंह उर्फ नरेश मीणा, विजेन्द्र मीणा, भागीरथ उर्फ दीपक मीणा और बबलू मीणा को गिरफ्तार किया। शक्करगढ़ थाना पुलिस ने जयलाल बैरवा, गुलाबपुरा थाना पुलिस ने नरेश कुमार रेगर, रायला थाना पुलिस ने आदिल, मोहम्मद रज्जाक और राहुल माली, शंभूगढ़ थाना पुलिस ने गोविंदराम जाट और रामस्वरूप जाट, रायपुर थाना पुलिस ने भागूलाल गुर्जर और कैलाश जाट, मांडल थाना पुलिस ने शोभालाल गुर्जर, पुर थाना पुलिस ने प्रकाशचंद रेगर, पिंटू उर्फ प्रकाशचंद, भैरूसिंह, कमलेश भील और कालू भील, भीमगंज थाना पुलिस ने आमिर, गांधीनगर थाना पुलिस ने अनिल लुहार, युवराज, दीपक कुमार, धनराज, टीकम, दिनेश, जगदीश जीनगर, रामप्रसाद आचार्य और राहुल गवारिया, जबकि सुभाषनगर थाना पुलिस ने दीपक तेली और भेरूलाल तेली को धारा 126-170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया।

**इन वांछित आरोपियों को भी दबोचा**

मंगरोप थाना पुलिस ने राहुल उर्फ हाबू (धारा 303(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट), हमीरगढ़ थाना पुलिस ने आशाराम उर्फ नन्दलाल सालवी (303(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट), मांडलगढ़ थाना पुलिस ने मनीष जाट व राकेश विश्नोई (धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट) तथा किशनलाल तेली (303(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट) को गिरफ्तार किया। बिगोद थाना पुलिस ने विक्रमसिंह राजपूत और दुर्गेश मीणा (धारा 115(2), 126(2), 112(2), 3(5) बीएनएस), जहाजपुर थाना पुलिस ने फकीर मोहम्मद को कोर्ट वारंट पर, काछोला थाना पुलिस ने रामकुमार उर्फ रामकवार भील (धारा 103(1) बीएनएस), शंभूगढ़ थाना पुलिस ने नारू भील और गोपाल भील (303(2), 112(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट), गंगापुर थाना पुलिस ने नारायण जंगलीया (19/54 आबकारी अधिनियम) तथा रायपुर थाना पुलिस ने राम सालवी (19/54 एक्साइज एक्ट) और कैलाश रेगर (धारा 138 एनआई एक्ट) को गिरफ्तार किया।

# स्कूलों के बाहर तंबाकू बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई, विद्यार्थियों की शिकायत पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का एक्शन

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे' अभियान के तहत स्कूलों के बाहर बच्चों को गुटखा, तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट बेचने वालों के खिलाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई कराई है। यह कार्रवाई विद्यार्थियों की शिकायतों के आधार पर की गई, जिनमें स्कूल परिसरों के आसपास प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों की खुलेआम बिक्री की जानकारी दी गई थी। कार्रवाई के तहत सुभाष नगर थाना पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के स्कूलों के बाहर तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्या ने बताया कि 21 जुलाई को जिले के 50 विद्यालयों में 'नो टू ड्रग्स' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान कई विद्यार्थियों ने शिकायत की कि कोठारी स्कूल के पास संचालित एक कैफे में स्कूली बच्चों को बीड़ी, सिगरेट, गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पाद बेचे जा रहे हैं। शिकायत मिलते ही संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले 7 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम के बाद 8 जुलाई को भी ऐसी दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद लगातार शिकायतें मिलती रहीं। इसी क्रम में राजकीय बालिका विद्यालय, सुभाष नगर के पास भी तंबाकू उत्पादों की बिक्री की गुमनाम शिकायत प्राप्त हुई, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए वहां से बड़ी मात्रा में बीड़ी, सिगरेट और गुटखा बरामद किया गया। रश्मि आर्या ने कहा कि कोटपा (COTPA) अधिनियम की धारा 6 के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। साथ ही किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और भंडारण भी कानूनन अपराध है। इसके बावजूद स्कूलों के आसपास इनकी बिक्री बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है।

### चावड़िया चौराहे पर दर्दनाक हादसा

# ट्रेलर ने युवक को रौंदा, 200 मीटर तक घसीटने से मौके पर मौत

## मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले चिरंजीव कीर की दर्दनाक मौत, हादसे के बाद लगा जाम; पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर शुरू की जांच



स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** कस्बे के व्यस्त चावड़िया चौराहे पर बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दयाराम चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, स्थिति को संभाला और यातायात सुचारु कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाहपुरा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने चौराहे पर युवक को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों का कहना है कि ट्रेलर युवक को करीब 200 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोग स्तब्ध रह गए। थाना प्रभारी दयाराम चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान चिरंजीव कीर निवासी जहाजपुर के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस ने शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा ट्रेलर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद चावड़िया चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया और जाम खुलवाया। युवक की असामयिक मौत की खबर फैलते ही कीर समाज में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में समाजजन राजकीय अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। पूरे क्षेत्र में हादसे को लेकर गहरा दुख और शोक का माहौल बना हुआ है।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय श्यामगढ़ के कक्षा कक्ष के जर्जर होने व दुर्घटना की आशंका

## 2 साल से क्षतिग्रस्त कक्षा और जंग लगा लेंटर

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** दिनांक 21-7-2026 मंगलवार को गांव श्यामगढ़ में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय श्यामगढ़ की एक कक्षा पिछले 2 वर्षों से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। कक्षा की छत में लगे लोहे के लेंटर/गर्डर पूरी तरह जंग खा चुके हैं और कभी भी गिर सकते हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग को कई बार मौखिक और लिखित सूचना दी जा चुकी है लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हम सभी ग्रामीण बच्चों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं। झालावाड़ में हुई दुर्घटना जैसी घटना यहां न हो जाए, इसलिए आपसे अनुरोध है कि तुरंत इस कक्षा को बंद करवाकर मरम्मत/नया निर्माण करवाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मरम्मत न हो जाए तब तक उस कक्षा में बच्चों को न बिठाएं। प्रिंसिपल से मांग कि वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।लोगों ने सही समय पर आवाज उठाई है। बच्चों की जान सबसे ऊपर है। मौके पर सत्यनारायण बारेठ, कुलदीप सिंह, प्रभु मीणा, जसवंत सिंह, राजू लाल, विजेंद्र, राजदीप, चंद्र सिंह, राहुल एवं अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे और सभी ने क्षति देखी है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को अति आवश्यक समझते हुए 7 दिन में निस्तारण करें, अन्यथा हम मजबूरन उच्च अधिकारियों का सहारा लेंगे।

2 साल से जंग खाया लिंटर गिरने वाला हो और शिक्षा विभाग ने सुनवाई न की हो तो हादसे का इंतजार

राजकीय प्राथमिक विद्यालय श्यामगढ़ का एक कक्षा कक्ष पिछले 2 वर्षों से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। कक्षा की छत में लगे लोहे के लेंटर/गर्डर में भारी जंग लग चुका है और पट्टियां कमजोर हो गई हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग को कई बार मौखिक व लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, परंतु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। भीलवाड़ा में हुए स्कूल हादसे के बाद भी यहां कोई मरम्मत नहीं हुई है। प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे इसी कक्षा में पढ़ने को मजबूर हैं। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि जनहानि होने से पहले उक्त कक्षा कक्ष की अविलंब मरम्मत/ पुनर्निर्माण करवाकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# झमाझम बारिश से कस्बे में रिकॉर्ड ढाई इंच बरसात दर्ज, सड़क मार्ग हुए लबालब, खेतों में भरा पनी

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर** - लंबे इंतजार के बाद बुधवार को मानसून ने गंगापुर उपखंड में जोरदार दस्तक दी है। मंगलवार देर रत्रि 3:00 बजे से शुरू हआ झमाझम बारिश का दौर जो अगले दिन भर चलता रहा। सायं तक 62 मिली मीटर रिकॉर्ड बरसात गंगापुर कस्बे में दर्ज की गई। कस्बेवासियों को भीषण उमस व गर्मी से बड़ी राहत मिली। पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और मौसम खुशनुमा हो गया। बुधवार सुबह हुई तेज बारिश से कस्बे में सड़क मार्गों पर पानी भर गया जिससे वाहनों का आवागमन बंद हो गया। कृषि मंडी रोड पर पानी भर जाने के कारण 2 घंटे तक वाहनों की निकासी नहीं हो सकी। वही झमाझम बरसात के कारण खेतों में पानी भर गया, किसानों के द्वारा बोई हुई फसलों को जीवन दान मिल गया। वहीं झमाझ हुई क्षेत्र में बरसात के कारण किसानों के चेहरे खिल उठे।

### दिनभर बरसात के कारण दुकानों पर हुई जोरदार बक्री

दिन भर बरसात के चलते कस्बे के बाजारों में तिरपाल, रेनकोट, छाते और बरसाती सामान बेचने वाली दुकानों पर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिली।

# मांगट देव मालाजी के मेले में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

## आषाढ़ी नवमी पर हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, सजी रंग-बिरंगी दुकानें, खरीदारी और मनोरंजन से गुलजार रहा मेला

स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल मांगट देव मालाजी में आषाढ़ी नवमी के पावन अवसर पर आयोजित वार्षिक मेले में बुधवार को श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही जहाजपुर सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मांगट देव मालाजी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिर परिसर दिनभर भक्तों की आवाजाही और जयकारों से गुंजायमान रहा। मेले में धार्मिक आस्था के साथ ग्रामीण संस्कृति की जीवंत झलक भी देखने को मिली। मंदिर परिसर के आसपास खिलौने, चूड़ियां, मिठाइयां, प्रसाद, घरेलू उपयोग की सामग्री, सजावटी सामान एवं बच्चों के आकर्षक खिलौनों की रंग-बिरंगी दुकानें सजीं। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की, जिससे पूरे मेले में उत्साह का माहौल बना रहा और दुकानदारों के चेहरों पर भी रौनक दिखाई दी। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने परिवार सहित झूलों एवं अन्य मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया। बच्चों की चहल-पहल और मेले की रौनक ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। दिनभर मेले में श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक मेल-मिलाप का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। यातायात नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिसकर्मी पूरे समय मुस्तैद रहे, जिससे मेला शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। हर वर्ष की तरह इस बार भी मांगट देव मालाजी का वार्षिक मेला धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और ग्रामीण संस्कृति का प्रतीक बनकर उभरा। मेले में उमड़ी भारी भीड़ ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मांगट देव मालाजी के प्रति लोगों की श्रद्धा आज भी उतनी ही अटूट और गहरी है।

# बुधवार सुबह कोटा-चित्तौड़ ह॥-27 पर स्थित लाडपुरा चौराहे पर हुआ हादसा

स्मार्ट हलचल





**लाडपुरा।** कोटा-चित्तौड़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बुधवार सुबह करीब 9 बजे हादसा हुआ। ग्रामीणों के अनुसार चित्तौड़ की तरफ से आ रहे एक ट्रेलर ने लाडपुरा चौराहे पर पीछे लेते समय एक बाइक को चपेट में ले लिया। ट्रेलर चालक को पीछे आ रही बाइक दिखाई नहीं दी और ट्रेलर बाइक के ऊपर चढ़ गया, जिससे बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई। गनीमत रही कि बाइक चालक के मामूली चोट आई है। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और वाहन चालकों की भीड़ जमा हो गई। जिससे कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही लाडपुरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में करवाकर सड़क मार्ग सुचारू करवाया। मामले में लाडपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुर्घटना कारित करने वाले ट्रेलर को जब्त कर लिया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस लाडपुरा चौराहे पर स्थित आस-पास के गांव लोग सड़क किनारे वाहन खड़े करके घर चले जाते हैं, जिसकी वजह से यहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### इस हादसे से जुड़े 3 बड़े कारण

1. पीछे न दिखना: ट्रेलर पीछे ले रहा था और पीछे बाइक आ गई। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।
2. सड़क किनारे अवैध पार्किंग: ग्रामीणों के अनुसार लोग लाडपुरा चौराहे के पास वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे वजह से यहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।
3. लाडपुरा चौराहे के 50 मीटर तक नो-पार्किंग: राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को यहां सख्ती से नो-पार्किंग लागू करनी चाहिए।

### स्थानीय लोगों की चिंता

ग्रामीणों का कहना है कि चौराहे पर सड़क किनारे लोग वाहन खड़े करके घर चले जाते हैं। इसी वजह से यहां बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# शोभायात्रा में जेब काटने वाला शातिर जेब कतरा गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** 19 जुलाई 2026 को माणिक्यनगर केशव कुंज पार्क वाली गली), थाना भीमगंज में श्री रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा पीठ के पीठाधीश्वर जगदगुरू स्वामीजी श्री 1008 श्री रामदयाल जी महाराज की शोभायात्रा/पदरावनी का कार्यक्रम था । इस दौरान शहर में शोभायात्रा निकाली गई आरोपी ने भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया । प्रार्थी प्राचीर समदानी उम्र 40 वर्ष ने इस संबंध में भीमगंज थाने में मामला दर्ज करवाया था । शातिर आरोपी ने प्रार्थी प्राचीर समदानी, प्रहलादराय समदानी, मनीष समदानी ओर मनीष कोगटा की जेब काटी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी रामसिंह निवासी कनेछनकलां को गिरफ्तार कर लिया । यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा (IPS) के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य (RPS) के निर्देशन और पुलिस उप अधीक्षक सज्जन सिंह (RPS) के सुपरविजन में थानाधिकारी सुनिल चौधरी (पु.नि.) के नेतृत्व में की गई। टीम में सुनिल चौधरी थानाधिकारी, राजू गिरी (स.उ.नि.), उमराव (हैड कॉन्स्टेबल - विशेष योगदान), राजेश (कांस्टेबल - विशेष योगदान), सौरभ ( कॉन्टेबल - विशेष योगदान), भागचंद ओर पुरण शामिल थे ।

# नीट पेपर लीक व छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन-टोंक में मोदी सरकार का पुतला दहन,

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे-संसद में चर्चा और प्रधानमंत्री से माफी की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

**टोंक।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी, टोंक विधायक सचिन पायलट के निर्देशानुसार बुधवार को देहात एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, टोंक के संयुक्त तत्वावधान में छावनी सर्किल पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार का पुतला दहन कर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है।उन्होंने इस मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में छात्रों पर हुई कथित बर्बर कार्रवाई की निंदा करते हुए इस विषय पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने की मांग की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छात्रों पर हुई कार्रवाई के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की भी मांग उठाई।प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, दिनेश चौरसिया, शब्बीर भाई पार्षद, अल्का बैरवा, एडवोकेट देवकरण गुर्जर, मनिंदर बैरवा, धर्मेंद्र सालोदिया, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी मीना, शहर अध्यक्ष इरशाद बेग, जर्रार भाई, नवीन बैरवा, इमरान पहलवान, विभिन्न मंडल अध्यक्ष, आकाश बैरवा, आबिद मेव, राजेन्द्र बोकण, महेन्द्र बैरवा, सुरेन्द्र (सेवादल), मनीष चौकी, विष्णु बैरवा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेपर लीक के विरोध में शाहपुरा में कांग्रेस का जोरदार धरना-प्रदर्शन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-** शाहपुरा/प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा देहात के आह्वान एवं शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर के निर्देशानुसार मंगलवार को शाहपुरा उपखंड कार्यालय के बाहर कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार की शिक्षा एवं युवा विरोधी नीतियों तथा लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन ने किया। धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन ने कहा कि देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों ने करोड़ों छात्रों और युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। वर्षों की मेहनत के बावजूद परीक्षाओं की पारदर्शिता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं, जिससे युवाओं का व्यवस्था पर विश्वास कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार छात्रों, युवाओं और बेरोजगारों की आवाज को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठा रहे हैं तथा कांग्रेस उनके नेतृत्व में युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। केंद्र सरकार इस गंभीर विषय पर जवाबदेही तय करे तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस छात्रों, युवाओं और बेरोजगारों की आवाज बनकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी तथा जनहित के मुद्दों पर लगातार आंदोलन करती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि पेपर लीक मामलों में जवाबदेही तय की जाए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दें, आंदोलन के दौरान छात्रों एवं युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं, संसद में इस गंभीर विषय पर विस्तृत चर्चा कराई जाए तथा देश के छात्रों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय मेहता, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लादूलाल खटीक, भेरूलाल खटीक, पूर्व विधायक प्रत्याशी राजकुमार बैरवा, पंकज पराशर, मानक घुसर, भेरूलाल जाट, ओम सिंधी, सुनील मिश्रा, यूनुस खान, रतन रैगर, बीरम रैगर, रामचंद बैरवा, चंद्रप्रकाश रैगर, पूरण रैगर, इकबाल नीलगर, बाबूलाल सलावट, जाकिर देशवाली, महावीर प्रसाद, किशनलाल गुर्जर, भेरूलाल गुर्जर, दीपेंद्र सिंह (पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष), ओमप्रकाश जाट, मनीष नायक, किशन गोदारा, इकबाल कायमखानी, विजय टेलर, सत्यनारायण सुवालका, देवराज जाट, विशाल बाबू मीणा, नरेंद्र सिंह, शाहरुख खान, अभिषेक पराशर, विनोद रायका, प्रेमचंद कहार, रवि दत्त पौंड्रिक, इमरान खान, बीरमलाल रैगर, शिवराज रैगर, कैलाश माली, सानिध्य पराशर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा साथी, छात्र एवं आमजन उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा संभाग का पहला मामला: आबादी क्षेत्र में मिला सीवेट कैट, 4 बच्चों को दिया जन्म

## जंगल घटने से मजबूरी में गोदाम में शरण ली, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

**गुरला।** भीलवाड़ा संभाग में पहली बार घनी आबादी वाले क्षेत्र में सीवेट कैट यानी बीजू मिलने का मामला सामने आया है। घटते वन क्षेत्र और बढ़ती इंसानी आबादी के कारण यह वन्यजीव मजबूरी में आबादी क्षेत्र में आ गया। सांगानेर निवासी कंवरलाल खटीक ने वन्यजीव रक्षक कुलदीप सिंह राणावत को सूचना दी कि उनके वेस्ट के गोदाम में एक अजीब सा जानवर दिखाई दिया है।सूचना पर वन्यजीव रक्षक कुलदीप सिंह राणावत टीम और वन विभाग के जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। बोरों के नीचे सर्च करने पर सीवेट कैट अपने 4 बच्चों के साथ मिली। राणावत ने मां और सभी बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। उप वन संरक्षक के निर्देश पर सभी को पुनर्वास के लिए घने वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

### चौराहों पर कमल का फूल स्थापित करने की निविदा निरस्त करने की मांग

# उदयलाल आंजना के नेतृत्व में नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस ने प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

## 9.90 लाख रुपये की निविदा को बताया जनधन की बर्बादी, सड़कों व मूलभूत सुविधाओं पर खर्च करने की उठाई मांग





स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निंबाहेड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को निंबाहेड़ा उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर नगर परिषद द्वारा शहर के चौराहों पर कमल का फूल स्थापित करने के लिए जारी की गई 9.90 लाख रुपये की निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा ने आरोप लगाया कि नगर परिषद की स्टोर शाखा द्वारा 13 जुलाई 2026 को निविदा क्रमांक 03/2026-27 जारी कर शहर के विभिन्न चौराहों पर लगभग 8 फीट चौड़े एवं 8 फीट ऊंचे कमल के फूल स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है। कांग्रेस ने इसे भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह के प्रचार-प्रसार का प्रयास बताते हुए कहा कि सार्वजनिक धन का उपयोग किसी राजनीतिक दल के प्रतीक चिह्न के लिए नहीं किया जाना चाहिए। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में नगर की अनेक सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, जगह-जगह गड्ढे हैं तथा बारिश के दौरान नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में नगर परिषद द्वारा लाखों रुपये खर्च कर चौराहों की सजावट करना जनहित के विपरीत है। कांग्रेस ने मांग की कि उक्त राशि का उपयोग शहर की सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था, सफाई एवं अन्य आवश्यक जनसुविधाओं पर किया जाए। नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी ने बताया कि नगर परिषद की वित्तीय स्थिति पहले से ही चिंताजनक है, बावजूद इसके अनावश्यक कार्यों पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 10 लाख रुपये की निविदा ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जारी की गई, जबकि आरटीपीपी नियमों के अनुसार निर्धारित सीमा से अधिक राशि के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि नगर परिषद को जिला चिकित्सालय निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की अनदेखी कर राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे आमजन में असंतोष व्याप्त है। पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि जनता के टैक्स के पैसे का उपयोग केवल जनकल्याण और विकास कार्यों के लिए होना चाहिए। यदि नगर परिषद द्वारा उक्त निविदा को निरस्त नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक एवं कानूनी स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। नगर कांग्रेस प्रवक्ता नितेश लोट ने बताया कि ज्ञापन की प्रतिलिपियां महामहिम राज्यपाल राजस्थान, मुख्यमंत्री राजस्थान, सचिव स्वायत्त शासन विभाग, संभागीय आयुक्त उदयपुर, निदेशक स्वायत्त शासन विभाग तथा जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ को भी प्रेषित की गई हैं। इस अवसर पर निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोपराज टांक, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, गोपाल आंजना, नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव मनोज पारख, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना,नुसरत खान, नगर पालिका के निवर्तमान उपाध्यक्ष परवेज़ अहमद, जिला विधि विभाग अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह सोलंकी, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव जुगल धाकड़, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जीवन आंजना, कमलेश धाकड़, विक्रम अहीर, आजाद बापू, पिंकेश जैन, सूर्यप्रकाश सोलंकी,विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी रामकिशन जाट, ब्लॉक महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनुसूया मीणा, नगर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पारख, नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, क्रेता व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल आंजना, जिला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख, सुरेश कृपलानी,सेवादल नगर मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता, ब्लाक सेवादल मुख्य संगठक उदित मीणा,राजीव गांधी पंचायती राज विभाग अध्यक्ष रोमी पोरवाल, किसान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकित जाट,कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अहमद हुसैन, ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लाक अध्यक्ष भवरसिंह शक्तावत, नगर अध्यक्ष राहुल सेन, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मुकेश मेघवाल, चांदमल वीरानी, नीलू शर्मा, पंकज लड़ा,शम्शु कमर मंसूरी, महासचिव ओम प्रकाश शर्मा, समुन्द्र सिंह गुंडुसुर, नितिन नागौरी, मोती पुरुस्वानी, दिग्वेन्द्र प्रताप सिंह जादौन, जावेद खान, सचिव बाबूलाल आचार्य, अबरार अहमद, अशीष अग्रवाल, धीरज नगरिया, फखरुद्दीन बोहरा,दुर्गेश्वर भराडीया,कोषाध्यक्ष अशोक जैन, प्रवक्ता नितेश लोट, नगर कांग्रेस कमेटी सदस्य लक्ष्मीनारायण चौहान,जहांगीर हुसैन मंसूरी, अमजद खान, आईटी सेल संयोजक मोहम्मद अली मंसूरी, सह संयोजक ललित पंचोली,एवं जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग महासचिव उबैद खान, उपाध्यक्ष मंसूर अली बोहरा, जिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी के सचिव बापूलाल गायरी, खेमराज कुमावत,व जिला महिला कांग्रेस कमेटी महासचिव वंदना जैन, ममता त्रिपाठी, सचिव गायत्री शर्मा, एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र मेघवाल, एससी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष ललित पहाड़िया, पूर्व नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष हाजी ज़ाहिद खान बैटरी वाले,चंद्र प्रकाश चारण,पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, उदयराम पहाड़िया,निवर्तमान पार्षद माणक साहू, मुफीद खान, बांगेड़ा घाटा प्रशासक गोपाल दिवान, कनेरा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास नायमा, छोटीसादड़ी ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक गुर्जर,गादोला प्रशासक प्रतिनिधि देवीलाल मीणा, उपसरपंच शंभुलाल कुमावत, उप सरपंच सज्जन सिंह, नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष हजारीलाल मेघवाल, शैलेन्द्र लोढ़ा,लक्ष्मीलाल गवारिया, अजीत डागा,एवं रमेश सेन,सुरेश आचार्य,रोहित जाजू,अनिल कुमावत,देवीलाल गायरी, मांगीलाल किर,फरीद खान, रामगोपाल वैष्णव,सुरेश मीणा, संजय उपाध्याय,विकास धाकड़,माधु चारण, भोलाराम भाभी, इमरान खान, इलियास गोरी, दिलखुश मीणा, गणपत आंजना, ताबिश खान, दिलीप मेघवाल, राजेश भंगुरा,योगेश कुमावत, जगदीश भाभी, गणेशलाल सोनी, राघव लड्ढा, रामलाल अहीर, राजू चारण, बिहारीलाल सोलंकी, चांदमल सोनावा, ज़ाहिद खान, नरेश कुमावत, एनएसयूआई परिवार से नवरत्न प्रजापत, सुमित जाट, तनिश माली, कारण जीनगर,आदित्या जाट, हर्षित सेन, करण सिंह, उज्जवल मुलानी, सुनीत सिंह, सूरज मीणा, हरिकिशन माली, दुर्गेश कुमावत कृष्णा मीणा, रोहित धाकड़, आदित्या पहाड़िया, मोहित, देवेंद्र चारण, विक्की चौपड़ा, मयंक नामदेव, विवेक साहू, रोहित जाजू, विनय पटेल, मोहित राठौड़, शाहरुख खान, मयंक चावला, कपिल मुलानी, मनीष माली,उबेद पठान हितेश माहेश्वरी, अनिल प्रजापत, शांतिलाल डांगी, ललित मेनारिया, कमलेश डांगी, अल्ताफ भाटी, कालू सोनावा, महबूब मेवाफरोश, नफीस खान, चरण सिंह जाट, दीपक दुबे, प्रीतेश सिंघवी, महेश मीणा, मिठूलाल धाकड़, हेमंत बुनकर, देवीलाल आंजना, यश मंगनानी, विशाल वर्मा, देवीलाल तेली अनील कुमावत, जयदीप बाबेल, लकी साहू, सईद खान, दिनेश बाथरा, गड्डा तेली, मिठूलाल मेनारिया, करन सिंह आंजना, विनय वर्मा, अबूतुराब बोहरा, देवेंद्र चारण, ललित सालवी,पप्पू रावल, राहुल धाकड़, आशुतोष टांक,कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधिगण, समस्त अग्रिम संगठनों पदाधिकारीगण, नगर के गणमान्यजन मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

## देव डूंगरी मंदिर विवाद को लेकर सर्व समाज ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ ।** देव डूंगरी स्थित देवनारायण मन्दिर परिसर में प्रस्तावित बंक्या माताजी मन्दिर निर्माण को लेकर चल रहे विवाद के बीच बुधवार को बिजौलियां पहुंचे विधायक गोपाल खंडेलवाल को सर्व समाज के लोगों द्वारा पंचायत चौक में आयोजित सभा के दौरान ज्ञापन सौंप कर समस्या का समाधान निकालने की मांग की गई।कस्बेवासियों को सम्बोधित करते हुए विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने कहा कि देवनारायण मन्दिर की जमीन बिजौलियां की हैं और रहेगी।विधायक ने कहा कि जो विरोध कर रहे हैं वो भी अपने भाई हैं,हम सब एक हैं।विधायक खंडेलवाल ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि दूसरे पक्ष से भी बात कर के कमेटी का गठन कर जल्दी ही विवाद का हल निकाला जाएगा।साथ ही विधायक ने प्रशासन व जिला कलक्टर से स्वीकृति लेकर बंक्या माताजी के भव्य मंदिर निर्माण का वादा भी किया।कुं. सौभाग्य सिंह ने कहा कि मन्दिर निर्माण को लेकर स्थानीय व्यक्तियों का एतराज तो स्वीकार्य हैं लेकिन किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।विधायक से समस्या का शांतिपूर्ण समाधान किए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि इस मामले में सभी बिजौलियां वासी एकजुट हैं।कस्बेवासियों द्वारा विधायक को सन् 2014 में रजिस्टर्ड देवनारायण मन्दिर ट्रस्ट के कागजात व अन्य सम्बंधित दस्तावेज भी सौंपे गए।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सुनील जोशी ने किया।इस दौरान बड़ी संख्या में कस्बे के महिला-पुरुष व युवा मौजूद रहे।

## श्मशान की बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, अंतिम संस्कार के लिए 4 घंटे करना पड़ा इंतजार

### मेजा बांध से जलमग्न होता है पुराना श्मशान, वैकल्पिक स्थल पर न टीनशेड, न चारदीवारी; स्थायी समाधान की मांग तेज

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मांडल तहसील के पीथास गांव में श्मशान घाट की बदहाल व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बरसात के बीच एक शव के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को करीब चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। बाद में ग्राम पंचायत प्रशासक छोटू सिंह चुंडावत ने निजी खर्च से अस्थायी टीनशेड की व्यवस्था करवाई, तब जाकर अंतिम संस्कार हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि नदी किनारे स्थित पुराना श्मशान मेजा बांध भरने के बाद पूरी तरह जलमग्न हो जाता है, जबकि वैकल्पिक श्मशान घाट पर न टीनशेड है, न चारदीवारी और चारों ओर गंदगी फैली हुई है। ऐसे में बरसात के दौरान अंतिम संस्कार करना भी बड़ी चुनौती बन जाता है। ग्राम पंचायत प्रशासक छोटू सिंह चुंडावत ने बताया कि वर्तमान वैकल्पिक स्थल पेटा काश्त भूमि होने के कारण वहां स्थायी निर्माण नहीं कराया जा सकता। श्मशान घाट के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मानव गरिमा से जुड़े इस गंभीर मुद्दे का शीघ्र स्थायी समाधान करने की मांग की है।



## रायपुर ग्राम पंचायत की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा जनहित ज्ञापन

### सफाई, सड़क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल एवं दलित-आदिवासी बस्तियों के विकास सहित 10 प्रमुख मांगें उठाई



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा/रायपुर ।** ग्राम पंचायत रायपुर क्षेत्र में व्याप्त मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर डा. भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन संस्था, रायपुर के अध्यक्ष ज्ञानचंद खटीक के नेतृत्व में जिला कलेक्टर भीलवाड़ा के नाम एक विस्तृत जनहित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ग्राम पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि 1 जुलाई से पूरे गांव में सफाई व्यवस्था बंद होने के कारण जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। साथ ही गांव की अनेक रोड लाइट एवं मुख्य स्ट्रीट लाइट पिछले लगभग एक वर्ष से बंद होने के कारण रात्रि में दुर्घटनाओं एवं असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन में गंगापुर रोड पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने, पंचायती नोहरों से निकलने वाले अपशिष्ट का उचित निस्तारण नहीं होने, पालरा रोड़ विक्रय समिति के पास नालियां टूटी-फूटी रोड एवं मंडोल रोड की जर्जर स्थिति, तथा दलित, आदिवासी, घुमंतू एवं अल्पसंख्यक बस्तियों में सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था की उपेक्षा जैसे गंभीर मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। इसके अतिरिक्त रायपुर की पेयजल व्यवस्था के प्रमुख स्रोत पनघटिया तालाब की जल आवक में वर्षों से जमा गाद एवं कचरे की तत्काल सफाई कराने की मांग भी की गई, ताकि भविष्य में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। ज्ञापन में भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 38, 39, 46, 47 एवं 243छ सहित राजस्थान पंचायती राज अधिनियम एवं स्वच्छ भारत मिशन के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए प्रशासन से सभी समस्याओं के समयबद्ध एवं स्थायी समाधान की मांग की गई। इन समस्याओं को लेकर चेतावनी भी दी है कि यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि, महामारी या दुर्घटना होती है, तो संबंधित अधिकारियों की प्रशासनिक एवं विधिक जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

## सीएलजी बैठक में पुलिस ने मांगा सहयोग, साइबर ठगी और नशे के खिलाफ किया जागरूक



स्मार्ट हलचल

**काछोला** - काछोला थाना परिसर में मंगलवार को कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसहभागिता को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीआई काछोला थाना प्रभारी नरेश कुमार शर्मा ने की। बैठक में पुलिस मित्र, शांति समिति, व्यापार मंडल, सीएलजी सदस्य, क्षेत्र के नागरिक एवं पुलिस स्टाफ ने भाग लिया। थाना प्रभारी शर्मा ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी या अन्य व्यक्तिगत विवरण साझा नहीं करें। यदि कोई साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। थाना अधिकारी शर्मा ने सीएलजी सदस्यों को पुलिस की 'आंखें' बताते हुए कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नशा अपराधों को बढ़ावा देता है, इसलिए अभिभावक और समाज इस दिशा में विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त को और प्रभावी बनाया जाएगा तथा चोरी, अवैध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी,महिलाओं के संबंधित होने वाली आपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधी को किसी भी हद तक नहीं बख्शा जाएगा,इसको लेकर विद्यालयों जाकर थाना प्रभारी बालिकाओं से चर्चा करेंगे। बैठक में यातायात नियमों की पालना पर भी जोर दिया गया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा कार चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, संदीप सोनी, डॉ एन के सोनी,सत्य नारायण बलाई, लादू लाल धाकड़, हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, वासुदेव पालीवाल,गोपाल मालू, योगेश मालू ,हाजी मोहम्मद शाबीर रंगरेज,गोपेश कुमार,नेतराम,जैतराम सहित आदि उपस्थित थे। फोटो कैप्शन -कस्बे काछोला थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक लेते थाना प्रभारी

## मांडल में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फूंका पुतला



स्मार्ट हलचल

**मांडल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा देहात के अध्यक्ष रामलाल जाट के आह्वान पर बुधवार को मांडल तहसील कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग उठाई गई। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों से लाखों छात्रों और युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक की घटनाओं की पूरी जिम्मेदारी सरकार तय करे तथा ऐसा सख्त कानून बनाया जाए, जिससे दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। साथ ही पेपर लीक से प्रभावित विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों को उचित मुआवजा दिए जाने की व्यवस्था भी की जाए। प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक मामलों में जवाबदेही तय करने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से मुक्त करने, छात्रों एवं युवाओं पर दर्ज मुकदमों की वापसी, संसद में इस मुद्दे पर चर्चा कराने तथा छात्रों से सार्वजनिक माफी की मांग की। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष विकास सुवालका ,नारायण बिरला, जगदीश चौधरी, लक्ष्मीलाल बिरला, सत्यनारायण मंडोरा, घनश्याम जोशी, प्रकाश गुर्जर, अनवर अंसारी, सुरेश पारीक, महावीर वैष्णव, रतनलाल बेरवा, सुमित बेरवा, जैनुअल शेख, रतनजी सालवी, सत्यनारायण मूंदड़ा, सूर्यप्रकाश सारस्वत, राजेंद्र सारस्वत, लादूलाल गाडरी, मुकेश सुथार, प्रेम चोपड़ा, कालू जाट, राजू जाट, नारायण कुमार, गोपाल गाडरी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सावर उपखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी, छात्रों की पढ़ाई पर संकट





स्मार्ट हलचल

**(अजमेर)** सावर उपखंड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के बड़ी संख्या में रिक्त पदों के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। हालात ऐसे हैं कि कई वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सैकड़ों विद्यार्थियों की शिक्षा का जिम्मा महज चार शिक्षकों के भरोसे है। पर्याप्त स्टाफ नहीं होने से अभिभावक भी अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में कराने को मजबूर हो रहे हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायनगर में 215 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन पूरे विद्यालय में केवल चार शिक्षक कार्यरत हैं। प्रधानाचार्य शिवप्रकाश मीणा ने बताया कि वर्ष 2022 में विद्यालय को क्रमोन्नत कर कला संकाय शुरू किया गया था, लेकिन तब से भूगोल, हिंदी साहित्य और राजनीति विज्ञान के व्याख्याताओं सहित गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, कंप्यूटर अनुदेशक तथा लेवल-2 के कई पद रिक्त पड़े हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय सदारा में भी स्थिति चिंताजनक है। प्रधानाचार्य मेवालाल कुमावत ने बताया कि विद्यालय के क्रमोन्नत होने के बाद चार बैच निकल चुके हैं, लेकिन कला संकाय में आज तक एक भी व्याख्याता की नियुक्ति नहीं हुई। वर्तमान में यहां भी केवल चार शिक्षक कार्यरत हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालेड़ा कंवरजी में हिंदी साहित्य, सामाजिक विज्ञान (लेवल-2), शारीरिक शिक्षक, वरिष्ठ अध्यापक विज्ञान, गणित, कंप्यूटर अनुदेशक तथा चतुर्थ श्रेणी के दो पद रिक्त हैं। बालिका विद्यालय सावर में भूगोल एवं हिंदी साहित्य के व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक गणित, विज्ञान, हिंदी तथा कंप्यूटर अनुदेशक के पद खाली हैं। सावर बॉयज स्कूल में वाणिज्य, भौतिकी, हिंदी और राजनीति विज्ञान के व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक अंग्रेजी तथा सहायक कर्मचारियों के दो पद रिक्त हैं। एक अन्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के उपप्रधानाचार्य शंकरलाल मीणा ने बताया कि हिंदी व संस्कृत साहित्य के व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत तथा लेवल-1 और लेवल-2 के पद भी लंबे समय से खाली हैं। महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, घटियाली में भी हालात गंभीर हैं। शिक्षक भोजराज मीणा के अनुसार भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित के चार व्याख्याता, हिंदी, गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान के पांच वरिष्ठ अध्यापक, एक पुस्तकालयाध्यक्ष, एक यूडीसी और तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नापाखेड़ा में गणित, संस्कृत, कंप्यूटर अनुदेशक और एलडीसी के पद खाली हैं, जबकि गोरधा विद्यालय में भूगोल व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक गणित, हिंदी, लेवल-2 अंग्रेजी, यूडीसी तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के दो पद रिक्त हैं। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गणपतलाल मीणा ने बताया कि सावर ब्लॉक से सर्वाधिक शिक्षकों के स्थानांतरण हुए हैं। रिक्त पदों की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और शीघ्र नियुक्तियों की मांग की गई है। शिक्षकों की कमी से सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि जल्द रिक्त पद नहीं भरे गए तो विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा परिणाम पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

## कई रिमझिम तो कई झमाझम बारिश, फसलों को मिला जीवनदान

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर ।** सवाईपुर क्षेत्र के आसपास के गांवों में बुधवार को दिनभर रिमझिम बारिश का दौर चला, वही बड़लियास क्षेत्र में दोपहर को झमाझम बारिश का दौर चला । ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार सुबह से ही दिनभर रुक-रुककर रिमझिम बारिश का दौर चला, लेकिन किसानों को तेज बारिश का इंतजार रहा । दुसरी ओर बड़लियास क्षेत्र में दोपहर तीन बजे झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ, 15-20 तक झमाझम बारिश चली, जिससे गांव की गलियों व सड़कों पर पानी बहने लगा । शाम तक भी रिमझिम बारिश का दौर चला ।



पेपर लीक, छात्र हितों एवं शिक्षा व्यवस्था के मुद्दों पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

# पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन

## सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन, छात्रों-युवाओं के हितों की रक्षा की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल





**निंबाहेड़ा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार एवं राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना के नेतृत्व में बुधवार को स्थानीय परशुराम सर्कल (सरकारी बाग), निंबाहेड़ा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र सरकार की छात्र एवं युवा विरोधी नीतियों के विरोध, 20 जुलाई को दिल्ली में छात्रों के साथ हुए अत्याचारों एवं 21 जुलाई को राहुल गांधी जी, मल्लिकार्जुन खड़गे जी सहित कांग्रेसी सांसदों पर पुलिस के हमले के विरोध में विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर कांग्रेसजनों ने अपना विरोध दर्ज कराया। धरना प्रदर्शन से पूर्व बड़ी संख्या ने कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए जहां से वाहन रैली के रूप में परशुराम सर्किल पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि देश के लाखों छात्र-युवा आज पेपर लीक, भर्ती घोटालों और बेरोजगारी से त्रस्त हैं 20 जुलाई को युवा केवल अपने अधिकारों की मांग को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे थे जहां केंद्र सरकार के निर्देश पर युवा छात्रों के साथ पुलिस द्वारा बरबर व्यवहार किया गया जिसमें कई युवाओं को छोटे आई है एवं एक युवा बेटी तो वेंटिलेटर पर भी है जो पुलिस की बेदर्दी कार्रवाई को प्रदर्शित करता है। युवा पर हुई कार्यवाही के विरोध में कल 21 जुलाई को नेता विपक्ष राहुल गांधी जी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तो वहां भी केंद्र सरकार के निर्देश पर दिल्ली पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों ने नेता विपक्ष राहुल गांधी जी एवं खड़गे जी सहित अन्य कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें घसेड़ते हुए पुलिस की वैन में ले गए एवं एक खेल स्टेडियम में उन्हें गिरफ्तार करके रखा जो लोकतंत्र के लिए अच्छी तस्वीर प्रस्तुत नहीं करता है। लोकतंत्र में विरोध करना हर आम नागरिक का हक है लेकिन यह सरकार हर लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन को देश विरोधी साबित करते हुए अपनी जिम्मेदारियां से पल्ला झाड़ना चाहती है, लेकिन देश की जनता आप समझ चुकी है कि भाजपा नियत केंद्र सरकार पिछले 12 सालों से देशवासियों को धर्म जाति उच्च नीच के आधार पर बांट के केवल राजनीतिक लाभ कमा रही है। उन्हें केवल अपने अरबपति मित्रों की चिंता है मध्यम वर्ग एवं गरीब तबके से केंद्र सरकार को कोई सहानुभूति नहीं रह गई है। आंजना ने कहां की केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। आंजना के उद्बोधन के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परशुराम सर्किल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले का दहन कर गगन भेजी नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की, साथ ही पिछले दो दिनों में दिल्ली में हुई पुलिसिया कार्यवाही की निष्पक्ष एजेंसी से जांच की मांग की ताकि देश को यह पता चल सके कि किसके निर्देश पर युवा छात्रों एवं नेता विपक्ष सहित अन्य सांसदों पर पुलिस के द्वारा अत्याचार किया गया। तत्पश्चात कांग्रेसजनों द्वारा आंजना ने नेतृत्व ने परशुराम सर्किल से उपखंड कार्यालय तक पैदल मार्च निकल विरोध प्रदर्शन किया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आम जनता भी शामिल हुई क्योंकि यह मामला केवल विपक्ष का नहीं बल्कि हर उस व्यक्ति से जुड़ा हुआ है जिनके बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं या भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर बनकर देश को सवारना चाहते हैं इसलिए इस कार्यक्रम में आम जनता की भी बड़ी भागीदारी देखी गई।

**इन प्रमुख मांगों को लेकर हुआ प्रदर्शन**

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि NEET सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए कथित पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की जवाबदेही तय करते हुए उनका इस्तीफा लिया जाए। दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों एवं युवाओं पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं तथा पेपर लीक एवं छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर संसद में विस्तृत चर्चा कर युवाओं को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोपराज टांक, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, गोपाल आंजना, नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, जिला कांग्रेस महासचिव मनोज पारख, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना,जिला कांग्रेस महासचिव नुसरत खान, नगर पालिका के निवर्तमान उपाध्यक्ष परवेज अहमद, जिला विधि विभाग अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह सोलंकी, जिला कांग्रेस सचिव जुगल धाकड़, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जीवन आंजना, कमलेश धाकड़, विक्रम अहीर,सूर्यप्रकाश सोलंकी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी रामकिशन जाट एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष साजन सोनी,ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुसूया मीणा, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पारख, नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, क्रेता व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल आंजना, जिला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख, सुरेश कृपलानी, सेवादल नगर मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता, ब्लॉक सेवादल मुख्य संगठक उदित मीणा, राजीव गांधी पंचायती राज विभाग अध्यक्ष रोमी पोरवाल, किसान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकित जाट, कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अहमद हुसैन, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लॉक अध्यक्ष भंवरसिंह शक्तावत, नगर अध्यक्ष राहुल सेन, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश मेघवाल, चांदमल वीरानी, नीलू शर्मा, पंकज लाड़ा, शम्सु कमर मंसूरी, महासचिव ओमप्रकाश शर्मा, समुन्द्र सिंह गुंडुसुर, नितिन नागौरी, मोती पुरुस्वानी, दिग्विजेन्द्र प्रताप सिंह जादौन, जावेद खान, सचिव बाबूलाल आचार्य, अबरार अहमद, आशीष अग्रवाल, धीरज नगरिया, फखरुद्दीन बोहरा, दुर्गेश्वर भराड़िया, कोषाध्यक्ष अशोक जैन, प्रवक्ता नितेश लोट, सदस्य फिरदौस बी, लक्ष्मीनारायण चौहान, जहांगीर हुसैन मंसूरी, अमजद खान,आशा लाड़ना,आईटी सेल संयोजक मोहम्मद अली मंसूरी, सह संयोजक ललित पंचोली, जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग महासचिव उबैद खान, उपाध्यक्ष मंसूर अली बोहरा, जिला ओबीसी कांग्रेस सचिव बापूलाल गायरी, खेमराज कुमावत, जिला महिला कांग्रेस महासचिव वंदना जैन, ममता त्रिपाठी, सचिव गायत्री शर्मा, एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र मेघवाल, नगर अध्यक्ष ललित पहाड़िया, पूर्व नगर अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष हाजी ज़ाहिद खान, चंद्रप्रकाश चारण, पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, उदयराम पहाड़िया, निवर्तमान पार्षद माणक साहू, मुफीद खान, बांगेड़ा घाटा प्रशासक गोपाल दीवान, कनेरा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास नायमा, छोटीसादड़ी ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक गुर्जर, गादोला प्रशासक प्रतिनिधि देवीलाल मीणा, उपसरपंच शंभूलाल कुमावत, सज्जन सिंह, नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष हजारीलाल मेघवाल, शैलेन्द्र लोढ़ा, लक्ष्मीलाल गवारिया, अजीत डागा, रमेश सेन, सुरेश आचार्य, रोहित जाजू, अनिल कुमावत, देवीलाल गायरी, रामगोपाल वैष्णव, सुरेश मीणा, संजय उपाध्याय, विकास धाकड़, माधु चारण, भोलाराम भाभी, इमरान खान, इलियास गोरी, दिलखुश मीणा, गणपत आंजना, ताबिश खान, दिलीप मेघवाल, राजेश भंगुरा, योगेश कुमावत, जगदीश भाभी, गणेशलाल सोनी, राघव लड्डा, रामलाल अहीर, राजू चारण, बिहारीलाल सोलंकी, चांदमल सोनावा, ज़ाहिद खान, नरेश कुमावत,नवरत्न प्रजापत, सुमित जाट, तनिश माली, कारण जीनगर, आदित्य जाट, हर्षित सेन, करण सिंह, उज्जवल मुलानी, सुनीत सिंह, सूरज मीणा, हरिकिशन माली, दुर्गेश कुमावत, कृष्णा मीणा, रोहित धाकड़, आदित्य पहाड़िया, मोहित, देवेन्द्र चारण, विक्की चोपड़ा, मयंक नामदेव, विवेक साहू, विनय पटेल, मोहित राठौड़, शाहरुख खान, मयंक चावला, कपिल मुलानी, मनीष माली, उबेद पठान, हितेश माहेश्वरी, अनिल प्रजापत, शांतिलाल डांगी, ललित मेनारिया, कमलेश डांगी, अल्ताफ भाटी, कालू सोनावा, महबूब मेवाफरोश, नफीस खान, चरण सिंह जाट, दीपक दुबे, प्रीतेश सिंघवी, महेश मीणा, मिठूलाल धाकड़, हेमंत बुनकर, देवीलाल आंजना, यश मंगनानी, विशाल वर्मा, जयदीप बाबेल, लकी साहू, सईद खान, दिनेश बाथरा, उदयलाल कुमावत, मिठूलाल मेनारिया, करन सिंह आंजना, विनय वर्मा, अबूतुराब बोहरा, ललित सालवी, पप्पू रावल, राहुल धाकड़ , श्रवण आंजना,एवं आशुतोष टांक, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित समस्त अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कांग्रेसजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## ठोकर चौराहा अंडरब्रिज के पास जलभराव से राहगीर परेशान, हादसों का बढ़ा खतरा



हल्की बारिश होते ही इस मार्ग पर जमा हो जाता पानी

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर,** शहर के सबसे व्यस्त ठोकर चौराहे से पुरोहितों की मादड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर अण्डरब्रिज से पहले बरसात के दौरान होने वाला जलभराव आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। सड़क पर पानी भर जाने से पैदल राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पुरोहितों की मादड़ी निवासी हितेश व्यास ने बताया कि हल्की बारिश होते ही इस मार्ग पर पानी जमा हो जाता है। जलभराव के कारण सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुपहिया वाहन चालक अक्सर असंतुलित होकर गिर जाते हैं और चोटिल हो रहे हैं। इस रोड से हमेशा निकलना पड़ता है इसलिए हमेशा हादसा होने का अंदेशा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठोकर चौराहा शहर के सबसे व्यस्त यातायात केंद्रों में से एक है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों और हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा बारिश के पानी की निकासी की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों ने कहां कि ठोकर चौराहे पर हर तरफ सड़क को खोद रखा है जिससे पानी भरने से खड्डे नहीं दिखते और हादसे होने का डर बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा कि हर बारिश के बाद यहां की स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि लोगों ने इस स्थान को व्यंग्य में 'छोटा फतहसागर' कहना शुरू कर दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

## स्वतंत्रता दिवस पर ब्यावर में दिखेगी जन-भागीदारी, जिला कलक्टर ने तैयारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश




स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 को गरिमामय, अनुशासित और भव्य रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर कमल राम मीना ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को समारोह से जुड़ी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस राष्ट्रीय पर्व में आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां और वेशभूषा राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप हों।

**व्यवस्थाओं और सुरक्षा पर दिए गए प्रमुख निर्देशः**

स्थल एवं शहर की सजावटः परेड ग्राउंड की साफ-सफाई, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, साउंड और सजावट का काम समय पर पूरा किया जाए। शहर के मुख्य चौराहों और सरकारी कार्यालयों में आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की जाए।

**सुरक्षा एवं यातायातः** पुलिस विभाग को समारोह स्थल पर चाक-चौबंद सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, बैंड व्यवस्था और आवश्यक पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए।

नागरिक सुविधाएंः आयोजन स्थल पर पेयजल, मेडिकल टीम, मोबाइल शौचालय, अग्निशमन गाड़ियाँ और निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूदः**

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांशु सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धन दान देथा सहित पुलिस और विभिन्न प्रशासनिक विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक रात में चोरों ने दो जगह बोला धावा, भगवान भी नहीं बच पाए

**लाखेरी -** कस्बे में लगातार हो रही चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार देर रात पुलिस थाने के समीप सालमदरा मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर लगी अस्थाई दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देकर दुकान से गुटखा, पेट्रोल, सहित अनेक हजारों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब मालिक दुकान पर गया तब चोरी का पता चला, और दुकान में सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### बालाजी मंदिर दानपेटी से हजारों रुपए ले गए चोर

कस्बे के लाल पुलिया स्थित बालाजी मंदिर से रात को चोर दानपेटी से पैसे लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोर ने नकाब पहनकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जिसका वहां लगें सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड दर्ज हो गया। पहले भी इस मंदिर पर चोरियां हो चुकी है। मंदिर पर हुई चोरी से श्रृद्धालुओं में रोष व्याप्त है। श्रृद्धालुओं का कहना है कि मुख्य मार्ग पर मंदिर है, फिर भी चोर ने बेखोफ चोरी की वारदात कर दी, एक ही दिन में दो जगह चोरी होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहीं हैं। पहले भी कई चोरियां हो चुकी उनका भी कोई खुलासा नहीं हुआ। लगातार हो रही चोरियों से आमजन में डर का माहौल है। आमजन का कहना है कि पुलिस प्रशासन गस्त एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बनाया जाए।

## आत्मज्ञान ही भगवान, अज्ञान ही जगत - आचार्यश्री रामदयाल महाराज

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा,** अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर एवं जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने कहा कि आत्मज्ञान से बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है। अज्ञान ही जगत है और ज्ञान ही भगवान है। उन्होंने कहा कि हमारा मन ही संसार है और संसार को ही सब कुछ मान लेना अज्ञानता का प्रतीक है। भीलवाड़ा में बुधवार को विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के अंतर्गत आयोजित दैनिक सत्संग में आचार्यश्री ने कहा कि शील, दया, संतोष रूपी धन और राम भजन की प्यास रखने से परम प्रकाश की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में शील, संयम, दया, क्षमा और संतोष का होना आवश्यक है। जिसके पास क्षमा रूपी शस्त्र है, वही वास्तव में महान व्यक्ति होता है। आचार्यश्री ने राम नाम एवं श्रीमद्भगवद्गीता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। परमात्मा की भक्ति के साथ संयम और संतोष का पालन करने से जीवन सफल बनता है। उन्होंने स्वामी रामचरणजी महाराज के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि राम के अतिरिक्त संसार में कोई सुखी नहीं है। मनुष्य दूसरों को स्वयं से अधिक सुखी समझता है, जबकि वास्तविक सुख माया में नहीं, बल्कि राम में है। उन्होंने कहा कि मायावी संसार ही दुःख का कारण है, जबकि राम नाम अनंत सुख का स्रोत है। राम के बताए मार्ग पर चलकर और शास्त्रों के अनुसार मर्यादित जीवन जीने वाला व्यक्ति इस लोक और परलोक दोनों में सुख प्राप्त करता है। चातुर्मास आत्मजागृति और परमात्मा की भक्ति का श्रेष्ठ अवसर है। इससे पूर्व रामस्नेही सम्प्रदाय के वरिष्ठ संत बड़े साध नरपत रामजी (उदयपुर) ने भी प्रवचन देकर धर्म का संदेश दिया। प्रवचन के उपरांत असावा परिवार, पथिक नगर, भीलवाड़ा के सदस्यों ने आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की। सुमन सोनी एवं मनीष विजयवर्गीय ने भजनों की प्रस्तुति दी। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 5 से 6 बजे तक रामधुनी, 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ तथा 9 से 10 बजे तक दैनिक सत्संग आयोजित किया जा रहा है। सूर्यास्त के समय होने वाली संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

# इंटमारिया की 'ममता की डॉक्टर' को भावभीनी विदाईरू तबादले पर फूट-फूटकर रोए बच्चे, भावुक हुए ग्रामीण, सेवा और समर्पण की मिसाल बनीं डॉ. मुक्ता प्रभा

स्मार्ट हलचल




**शाहपुरा।** सरकारी अस्पतालों में अक्सर चिकित्सकों की अनुपस्थिति, लापरवाही और मरीजों की परेशानियों की खबरें सुर्खियां बनती हैं, लेकिन शाहपुरा तहसील की ग्राम पंचायत इंटमारिया ने एक ऐसा दृश्य देखा जिसने यह साबित कर दिया कि यदि एक चिकित्सक सेवा को केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपना दायित्व मान ले तो वह लोगों के दिलों में ऐसी अमिट छाप छोड़ सकता है, जिसे वर्षों तक भुलाया नहीं जा सकता। शाहपुरा तहसील स्थित आयुष केंद्र इंटमारिया की प्रभारी डॉ. मुक्ता प्रभा के जयपुर तबादले की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, पूरे गांव में मायूसी छा गई। यह केवल एक चिकित्सक के स्थानांतरण की सूचना नहीं थी, बल्कि गांव के लोगों के लिए ऐसा क्षण था मानो उनके परिवार का कोई अपना उनसे बिछड़ रहा हो। सबसे अधिक भावुक दृश्य तब देखने को मिला जब स्कूल की नन्ही-नन्ही बालिकाएं अपनी प्रिय 'डॉक्टर दीदी' को विदा करते समय फूट-फूटकर रो पड़ीं। उनकी आंखों से बहते आंसू इस बात की गवाही दे रहे थे कि डॉ. मुक्ता प्रभा ने केवल इलाज नहीं किया, बल्कि लोगों के दिलों पर राज किया।

डॉ. मुक्ता प्रभा आयुर्वेद चिकित्सक जरूर थीं, लेकिन उनकी पहचान केवल एक डॉक्टर तक सीमित नहीं रही। उन्होंने गांव की बालिकाओं के लिए शिक्षिका, मार्गदर्शक और अभिभावक की भूमिका निभाई। अस्पताल में आने वाली बच्चियों को वह केवल दवा ही नहीं देती थीं, बल्कि उन्हें शिक्षा का महत्व समझाती थीं, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती थीं और योग का नियमित प्रशिक्षण देकर स्वस्थ जीवन की राह भी दिखाती थीं।

विशेष बात यह रही कि उन्होंने स्कूल समय के अतिरिक्त स्वयं पहल करते हुए बालिकाओं की पढ़ाई के लिए अलग से अध्ययन की व्यवस्था करवाई। गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए उन्होंने अपने स्तर पर ट्यूशन जैसी व्यवस्था कराई। यही कारण रहा कि गांव की बच्चियां उन्हें डॉक्टर कम और अपनी शिक्षिका तथा मां जैसा स्नेह देने वाली संरक्षक अधिक मानती थीं।

डॉ. मुक्ता प्रभा ने अपने कार्यकाल में केवल चिकित्सा सेवाओं तक स्वयं को सीमित नहीं रखा। उन्होंने पूरे क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण, नारी उत्थान, स्वावलंबन, शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाए। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया, किशोरियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि डॉ. मुक्ता प्रभा के अस्पताल में आने के बाद आयुष केंद्र केवल इलाज का स्थान नहीं रहा, बल्कि सामाजिक बदलाव का केंद्र बन गया। गांव की बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ा, महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई और बच्चों में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा दिखाई देने लगी।

उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने कभी सरकारी सीमाओं का बहाना नहीं बनाया। गांव की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर समाधान का प्रयास किया। मरीजों के प्रति उनका व्यवहार इतना आत्मीय था कि लोग बिना किसी झिझक के अपनी हर परेशानी उनसे साझा कर लेते थे। वे हर व्यक्ति को परिवार के सदस्य की तरह सम्मान देती थीं और यही अपनापन उन्हें लोगों के दिलों के बेहद करीब ले गया।

डॉ. मुक्ता प्रभा के विदाई समारोह का दृश्य हर किसी की आंखें नम कर देने वाला था। समारोह में गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, युवा, बच्चे और मरीज बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी के चेहरों पर बिछड़ने का दर्द साफ दिखाई दे रहा था। कई ग्रामीणों की आंखों से आंसू छलक पड़े, जबकि मासूम बच्चियां अपनी प्रिय डॉक्टर को गले लगाकर बिलखती रहीं।

भावुक माहौल के बीच डॉ. मुक्ता प्रभा ने भी अपने संबोधन में कहा कि उनके लिए इंटमारिया केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि उनका अपना परिवार रहा है। यहां के लोगों का प्रेम और विश्वास जीवनभर उनकी सबसे बड़ी पूंजी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस गांव से उनका रिश्ता कभी समाप्त नहीं होगा और जहां भी रहेंगी, इंटमारिया हमेशा उनके दिल में बसा रहेगा।

उन्होंने अपने संबोधन में एक प्रेरणादायक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि किरदार का पर्दा गिरने के बाद भी सम्मान में तालियां बजती रहें, यही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसका अर्थ है कि हमें अपना हर दायित्व इतनी ईमानदारी, लगन और मेहनत से निभाना चाहिए कि जब विदा होने का समय आएकृचाहे वह जीवन का हो या कार्यक्षेत्र काकृतब लोग हमारी कमी महसूस करें और हमारे अच्छे कार्यों को याद करते हुए सम्मान दें।

उनके इन शब्दों ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। ग्रामीणों ने भी माना कि डॉ. मुक्ता प्रभा ने जिस निष्ठा और सेवा भावना के साथ गांव में कार्य किया, वह आज के समय में दुर्लभ उदाहरण है। ग्रामवासियों ने बताया कि डॉ. मुक्ता प्रभा को हमेशा गांव के बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की चिंता रहती थी। वे हर घर तक पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देती थीं और बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती थीं। यही कारण है कि उनके स्थानांतरण की खबर सुनकर गांव का हर व्यक्ति खुद को असहाय महसूस कर रहा है।

ऐसे समय में, जब आए दिन सरकारी अस्पतालों से चिकित्सकों की अनुपस्थिति, लापरवाही और मरीजों की परेशानियों की खबरें सामने आती रहती हैं, वहीं ग्राम पंचायत इंटमारिया में डॉ. मुक्ता प्रभा ने सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी मिसाल कायम की है, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि चिकित्सक अपने दायित्व को मानव सेवा का माध्यम मान ले तो वह केवल मरीजों का इलाज ही नहीं करता, बल्कि समाज का भविष्य भी संवार सकता है।

विदाई समारोह में नर्स मोनिका डोगी, योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार गौड़, गथिया बानो सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. मुक्ता प्रभा ने अपने समस्त स्टाफ और ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो सम्मान, स्नेह और अपनापन इंटमारिया में मिला है, वह उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा।

## पुष्कर नगर कांग्रेस कमेटी पुष्कर द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला दहन का किया

स्मार्ट हलचल



**(हरिप्रसाद शर्मा) पुष्कर/ अजमेर/** नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर पेपर लीक काण्ड में शामिल किसी भी बड़े जिम्मेदार पर कोई भी कार्यवाही न करने और केंदीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा नहीं लेने के कारण बुधवार को पीसीसी उपाध्यक्ष श्रीमति नसीम अखूतर इंसाफ के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पुतला जलाया गया।

यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शरद वैष्णव ने बताया कि इसके अंतर्गत उपस्थित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के विरुद्ध नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

पीसीसी उपाध्यक्ष श्रीमति नसीम अखूतर इंसाफ ने कहा कि केंद्र सरकार ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में शांति पूर्वक किए जा रहे प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा की गई मारपीट व छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार को बर्बर बताया और उसकी निन्दा की एवं कहा कि केंद्र सरकार को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए ।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय जोशी पुष्कर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद पाराशर,वरिष्ठ नेता दामोदर मुखिया, बाबूलाल दग़्दी, जगदीश कुर्डिया, मंजू कुर्डिया, टीकम शर्मा,शरद वैष्णव गोपाल तिलानिया, संगीता नागौरा, आलोक भारद्वाज,भागचंद दग़्दी संजय दग़्दी रविन्द्र नागौरा जितेन्द्र गहलोत, तेजप्रकाश चौधरी, राजकुमार पाराशर, विकास मुखिया, प्रेमप्रकाश बाकोलिया, सुरेश पाराशर, हरिश्चंद बाकोलिया,नवदीप पाराशर, पृथ्वीराज उदय, दिलीप उदय, जयकुमार वाल्मीकि, महेश उदय, विकास मिश्रा, मजीत खान, रेहान खान, राकेश फुलवारी राहुल कुर्डिया सहित सभी अग्रिम संगठन के अध्यक्षगण ,जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर छात्रों के साथ हुए अन्याय में उनको न्याय दिलाने के संघर्ष में हाथ मजबूत किया ।

# SET-2026 अभ्यर्थियों को बड़ी राहत : पात्रता, प्रमाण-पत्र की वैधता बढ़ी, करेक्शन विंडो भी खुली

## पीजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भी होंगे पात्र, 31 जुलाई तक भरें SET -2026 आवेदन

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा (SET-2026) की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं कोटा विश्वविद्यालय ने बड़ी राहत प्रदान की है। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी गई है। साथ ही, आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद 27 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक करेक्शन विंडो खोली जाएगी, जिसके माध्यम से अभ्यर्थी निर्धारित नियमों के अनुसार व्यक्तिगत जानकारी, परीक्षा शहर (E&am City), विषय (Subject) सहित अन्य विवरणों में संशोधन कर सकेंगे। इस निर्णय से उन हजारों अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा जो किसी कारणवश निर्धारित समय में आवेदन नहीं कर पाए थे अथवा आवेदन पत्र में त्रुटि रह गई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे आवेदन का अंतिम अवसर बताते हुए अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन पूर्ण करने की अपील की है।

**समय पर आवेदन की अपील**

कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने कहा कि स्थ्रञ्ज-2026 प्रदेश के युवाओं के लिए केवल सहायक प्रोफेसर बनने की पात्रता परीक्षा नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में करियर निर्माण का महत्वपूर्ण अवसर है। अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तक बढ़ाई गई है, ताकि कोई भी पात्र अभ्यर्थी आवेदन से वंचित न रहे।प्रो. सारस्वत ने कहा कि यूजीसी द्वारा पीजी अंतिम वर्ष एवं परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे विद्यार्थियों को भी आवेदन की पात्रता प्रदान करना तथा प्रमाण-पत्र की वैधता संबंधी नियमों को स्पष्ट करना विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय है। इससे अधिक से अधिक योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा और किसी का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित नहीं होगा।उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि अंतिम दिनों में तकनीकी व्यस्तता अथवा सर्वर पर बढ़ते लोड से बचने के लिए 31 जुलाई से पहले ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा आवेदन संख्या (Application Number) प्राप्त होने के बाद ही आवेदन को अंतिम रूप से सफल मानें। साथ ही, यदि किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो तो उसे निर्धारित अवधि में ही पूरा कर लें, क्योंकि इसके बाद किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**पीजी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी भी होंगे पात्र**

कॉर्डिनेटर घनश्याम शर्मा ने बताया कि यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार मास्टर डिग्री के द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत अथवा परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थी भी स्थ्रञ्ज-2026 के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से दो वर्ष के भीतर अपनी स्नातकोत्तर डिग्री निर्धारित अंकों के साथ पूर्ण करनी होगी। यूजीसी के प्रावधानों के अनुसार सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य होंगे। निर्धारित अवधि में पात्रता पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों का स्थ्रञ्ज प्रमाण-पत्र स्वतः अमान्य माना जाएगा।

**प्रमाण-पत्र की वैधता को लेकर भी स्पष्ट किए नियम**

यूजीसी ने स्पष्ट किया है कि स्थ्रञ्ज में सफल होने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने आवेदन के समय पीजी पूरी नहीं की है, उन्हें परिणाम घोषित होने के दो वर्ष के भीतर निर्धारित योग्यता प्राप्त करनी होगी। समयसीमा के भीतर शैक्षणिक पात्रता पूरी करने पर ही उनका SET प्रमाण-पत्र वैध रहेगा।

**2025-26 सत्र के विद्यार्थी भी कर सकेंगे आवेदन**

सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत तथा द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दे चुके अथवा देने वाले विद्यार्थी भी SET-2026 के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। उन्हें भी परिणाम घोषित होने के दो वर्ष के भीतर अपनी पीजी डिग्री पूर्ण करनी होगी।

**केवल एक बार मिलेगा करेक्शन का मौका**

कॉर्डिनेटर घनश्याम शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को केवल एक बार आवेदन में संशोधन करने की अनुमति होगी। संशोधन पूर्ण होने और आवेदन पुनः सबमिट करने के बाद आवेदन पत्र फ्रीज (Freeze) हो जाएगा तथा दोबारा कोई बदलाव संभव नहीं होगा।अभ्यर्थी अपने परीक्षा शहर (E&amination City) में भी परिवर्तन कर सकेंगे।अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम अथवा माता का नाम—इनमें से केवल किसी एक विवरण में ही संशोधन कर सकेंगे। करेक्शन विंडो के दौरान जन्म तिथि, लिंग, श्रेणी (Category), उपश्रेणी (PwBD), SET विषय तथा पीजी विषय में भी निर्धारित नियमों के अनुसार संशोधन किया जा सकेगा। यदि PwBD का सत्यापन यूडीआईडी (UDID) पोर्टल से नहीं हुआ है तो संबंधित अभ्यर्थी इसमें भी आवश्यक संशोधन कर सकेंगे।विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि सेट विषय में परिवर्तन का विकल्प 2 अगस्त 2026 तक उपलब्ध रहेगा।

**13 सितंबर को होगी परीक्षा**

राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा (SET-2026) के आयोजन की जिम्मेदारी कोटा विश्वविद्यालय को सौंपी गई है। कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सीटीईटी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए SET-2026 अब पूर्व निर्धारित 6 सितंबर के स्थान पर 13 सितंबर 2026 को आयोजित की जाएगी।

**पहली बार 37 विषयों में होगी परीक्षा**

कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने बताया कि इस वर्ष जनसंचार एवं पत्रकारिता तथा संस्कृत (पारंपरिक) विषय पहली बार शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही SET-2026 अब 37 विषयों में आयोजित होगी।

**ऑनलाइन होगी आवेदन प्रक्रिया**

परीक्षा के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन होंगे। अभ्यर्थी कोटा विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। सामान्य एवं ओबीसी (क्रीमीलेयर) वर्ग के लिए 1500 रुपये, ओबीसी (नॉन-क्रीमीलेयर) एवं ईडब्ल्यूएस के लिए 1200 रुपये, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग वर्ग के लिए 750 रुपये निर्धारित हैं।

**ओएमआर आधारित होगी परीक्षा**

स्थ्रञ्ज-2026 यूजीसी-नेट के नवीनतम मानकों के अनुरूप ऑफलाइन (ओएमआर आधारित) आयोजित होगी। परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे, जिनमें कुल 150 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रथम प्रश्नपत्र में 50 तथा द्वितीय प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न होंगे। कुल 300 अंकों की परीक्षा के लिए तीन घंटे का समय निर्धारित है। प्रत्येक सही उत्तर पर दो अंक दिए जाएंगे तथा नकारात्मक अंकन (Negative Marking) नहीं होगा।

पुरानी रंजिश में अंधाधुंध 5 फायर

# जिन्हें मारने आए थे वे अंधेरे में बचे, दुकान जा रहा निर्दोष युवक पेट में गोली लगने से गंभीर

## कोटड़ा (जवाजा) की घटना; 22 वर्षीय मजदूरी करने वाले जयसिंह ब्यावर से अजमेर रेफर, 6 आरोपियों की तलाश जारी



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जवाजा क्षेत्र के कोटड़ा गांव में मंगलवार रात पुरानी रंजिश के चलते बाइक सवार बदमाशों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बदमाशों ने रंजिश के चलते 5 राउंड फायर किए, लेकिन अंधेरा होने के कारण निशाना बनाए गए युवक तो बच निकले, जबकि घर से किराना दुकान सामान लेने निकला एक निर्दोष युवक गोली की चपेट में आ गया। गोली पेट में धंसने से युवक लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा। ब्यावर के राजकीय अमृतकौर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए अजमेर रेफर किया गया है।

**खाना खाकर दुकान गया था पीड़ित, चीख सुनकर दौड़े ग्रामीण**

पुलिस के अनुसार कोटड़ा निवासी जयसिंह उर्फ जग्गू (22) पुत्र रोडसिंह मजदूरी कर परिवार का लालन-पालन करता है। मंगलवार रात करीब 9 बजे वह खाना खाने के बाद गांव की मुख्य रोड पर स्थित किराना दुकान से सामान लेने गया था। इसी दौरान बाइक पर आए हमलावरों ने गांव के ही विक्रम सिंह को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

अंधेरा होने की वजह से विक्रम सिंह तो बच निकला, लेकिन पास से गुजर रहा जग्गू पेट में गोली लगते ही दर्द से चीख पड़ा और लहूलुहान होकर गिर गया। गोली की आवाज और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग व ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

**अमृतकौर अस्पताल से अजमेर रेफर, स्थिति चिंताजनक**

घटना के तुरंत बाद ग्रामीण घायल जग्गू को ब्यावर के राजकीय अमृतकौर अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन गोली पेट में गहराई तक फंसी होने और अत्यधिक खून बहने के कारण उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल अजमेर के जेएलएन अस्पताल (JLN Hospital) के लिए रेफर कर दिया।

**पुरानी रंजिश में हमला, 6 नामजद आरोपियों पर कसता शिकंजा**

सूचना मिलते ही जवाजा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस की प्राथमिक तफ्तीश में सामने आया कि यह हमला पुरानी आपसी रंजिश के चलते किया गया था। पुलिस के अनुसार वारदात में रजनीश, राहुल, सुनील, सेठी, वीरा और एक अन्य आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

# नगर परिषद ब्यावर का 29 जुलाई को घेराव करेगी कांग्रेस, नवसमावेशित क्षेत्रों की उपेक्षा पर 'जनआक्रोश'

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर** को जिला बनाए जाने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव और नवसमावेशित (पेराफेरी) क्षेत्रों की उपेक्षा को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्यावर ने प्रशासनिक व राजनीतिक मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक कांग्रेस द्वारा शहर के वार्डों से लेकर पेराफेरी क्षेत्रों तक व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत 29 जुलाई 2026 (बुधवार) को प्रातः 10:30 बजे नगर परिषद ब्यावर के समक्ष 'जनआक्रोश प्रदर्शन एवं नरक परिषद का घेराव' किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्यावर के अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भाजपा शासन में नगर परिषद जनसेवा के प्रभावी केंद्र बनने के बजाय भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और जनसमस्याओं की अनदेखी का प्रतीक बन चुकी है। 'पुराने वार्ड बदहाल, तो नए क्षेत्रों का विकास किसके भरोसे? ' एडवोकेट अजय शर्मा ने सवाल उठाया कि जब नगर परिषद शहर के पुराने वार्डों में ही सड़क, सफाई, रोशनी और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं करा पा रही है, तो परिसीमन के बाद नगर परिषद सीमा में शामिल किए गए गाँवों और पेराफेरी कॉलोनियों का विकास आखिर किसके भरोसे होगा? उन्होंने कहा कि केवल प्रशासनिक सीमा बदल देने से विकास नहीं होता, उसके लिए बजट और आधारभूत ढाँचा देना जरूरी है।

**प्रमुख मुद्दे और आरोपः**

नागरिक अव्यवस्थाएंः टूटी व गड्ढों से भरी सड़कें, चरमराई सफाई व्यवस्था, जाम नालियाँ, अव्यवस्थित सीवरेज, बंद स्ट्रीट लाइटें, जलभराव और आवारा पशुओं की समस्या से जनता त्रस्त है। जनसंपर्क अभियानः कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के वार्डों, मोहल्लों और पेराफेरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनसंपर्क करेंगे और नागरिकों को 29 जुलाई के प्रदर्शन से जोड़ेंगे। जनप्रतिनिधियों से आह्वानः पेराफेरी पंचायतों और नवसमावेशित क्षेत्रों के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता के हक के लिए इस आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

**जनसमस्याओं के लिए हेल्पलाइन जारी**

कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय नागरिक अपनी क्षेत्रिय समस्याओं को दर्ज कराने के लिए मोबाइल नंबर 9414009101 पर संपर्क कर सकते हैं। प्राप्त समस्याओं को संकलित कर आंदोलन के माध्यम से प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने ब्यावर शहर एवं नवसमावेशित क्षेत्रों के समस्त नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों से 29 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में नगर परिषद पहुँचकर 'जनआक्रोश प्रदर्शन' को सफल बनाने की अपील की है।

25 टन अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त, चालक गिरफ्तार

# अवैध बजरी परिवहन पर ब्यावर पुलिस का शिकंजा : 25 टन बजरी से भरा डंपर जब्त, बीएनएस व एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज

स्मार्ट हलचल




**ब्यावर/जैतारण।** जिले में अवैध खनन और परिवहन पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रास थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने तड़के कार्रवाई करते हुए 25 टन अवैध बजरी से भरे एक डंपर को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

**तड़के 4:30 बजे पुलिस की नाकेबंदी में फंसा डंपर**

जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह (IPS), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्त अधिकारी (जैतारण) रमेन्द्रसिंह हाडा के सुपरविजन में रास थानाधिकारी (निरीक्षक) श्रीमती मंजू मुलेवा की अगुवाई में पुलिस टीम गश्त पर थी। मंगलवार प्रातः लगभग 04:30 बजे श्रीसीमेंट कॉलोनी, बगतपुरा के पास पुलिस को बजरी परिवहन करता हुआ एक संदिग्ध डंपर (RJ36 GB 0896) आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने डंपर को रुकवाकर चालक फूलसिंह (28) पुत्र सुखदेवसिंह रावत, निवासी बड़ाखेड़ा सुमेल से बजरी परिवहन का वैध रवन्ना (परमिट) एवं वाहन के दस्तावेज मांगे।

**रसीद मांगने पर उड़ गए तोते, वाहन एमवी एक्ट में डिटेन**

चालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज या रवन्ना पेश नहीं किए जाने पर पुलिस ने धारा 207 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए डंपर को जब्त कर सुरक्षित थाना परिसर में खड़ा करवा दिया। डंपर में कुल 25 टन अवैध बजरी भरी हुई थी।

**खनन विभाग ने दर्ज कराया मुकदमा**

घटना के संबंध में खनन विभाग को तुरंत सूचित किया गया। सूचना पर पहुंचे खान एवं भू-विज्ञान कार्यालय जैतारण के खनिज कार्यदेशक द्वितीय नरेंद्र लांबा की रिपोर्ट के आधार पर रास थाना में मुकदमा संख्या 143/2026 दर्ज किया गया। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) और 4(1)(ए)/21 एमएमडीआर एक्ट के तहत दर्ज कर आगे का अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

**कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम**

इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी मंजू मुलेवा के नेतृत्व में सहायक उप-निरीक्षक (ASI) राकेश, कांस्टेबल हरीश (379), कांस्टेबल सुशील (519), कांस्टेबल संजय (513) एवं कांस्टेबल मैनाराम (590) की विशेष भूमिका रही।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने 18 चिकित्सकों और देहदानियों (मरणोपरांत) का किया सम्मान

## जिला कलक्टर ने किया नशामुक्ति का आह्वान

स्मार्ट हलचल



**बूंदी-** बूंदी रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से मंगलवार को जिले के 18 उत्कृष्ट चिकित्सकों तथा मरणोपरांत देहदान करने वाली दो महिलाओं का अभिनंदन किया गया। समारोह में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सा प्रहरियों और देहदान जैसे पुनीत कार्य के लिए विमलेश सोनी व संगीता प्रभु (मरणोपरांत) को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता बूंदी शाखा के अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव जगदीश जिंदल, सीएमएचओ डॉ. ओपी सामर व पीएमओ डॉ. एलएन मीणा मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण व दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। वाइस चेयरमैन राजेंद्र रावका ने मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला का स्वागत किया। सचिव अशोक विजय ने अध्यक्ष व जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश कृष्ण बिरला ने बूंदी शाखा के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सक्रियता और सेवा कार्यों के मामले में बूंदी शाखा राजस्थान की प्रमुख तीन शाखाओं में शुमार है। उन्होंने शाखा की गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पद से सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर ने चिकित्सकों की सामाजिक भूमिका को वंदनीय बताया। उन्होंने देहदान करने वाली महिलाओं के कार्य को अनुकरणीय बताते हुए उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने बूंदी रेड क्रॉस शाखा से जिले में व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चलाकर समाज को व्यसन मुक्त बनाने का आह्वान भी किया। इससे पूर्व, वाइस चेयरमैन राजेंद्र रावका ने बूंदी में रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना यात्रा साझा की तथा सभी आगंतुकों का स्वागत किया। सचिव अशोक विजय ने संस्था की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। वहीं, मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र कुमार ने अंगदान के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए समाज में इसके प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**इनका हुआ सम्मान**

कार्यक्रम में सामाजिक सेवाओं और उत्कृष्ट चिकित्सा कार्यों के लिए मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राहुल चंदेल व वाइस प्रिंसिपल डॉ. विजय नायक, पीएमओ डॉ. एलएन मीणा, डॉ. प्रतिभा मीणा, डॉ. महेंद्र चौहान, डॉ. गोविंद गुप्ता, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. अमर शर्मा, डॉ. सुशील जैन, डॉ. लक्ष्मी प्रकाश नागर, डॉ. जितेंद्र मीणा, डॉ. शिशुपाल मीणा, डॉ. राकेश मंडावरा, डॉ. रीता जैन, डॉ. शुभम व्यास, डॉ. विजया जैन, आयुर्वेदिक चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. सुनील कुशवाह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर त्रिलोकचंद जैन, जगदीश जिंदल, ओमप्रकाश जैन, पीएमओ डॉ. एलएन मीणा तथा पुरुषोत्तम पारीक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल व गरिमामयी संचालन श्रीमती रेखा शर्मा तथा भूपेंद्र शर्मा ने किया।

# सावर ब्लॉक की एएनएम ने विभिन्न मांगों को लेकर बीसीएमओ को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**(अजमेर)** ब्लॉक एएनएम /एलएचवी संघ ऑफ राजस्थान एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के तत्वावधान में बुधवार को सावर ब्लॉक की एएनएम ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) राजेश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस, मीडिया एवं विभागीय आदेशों के माध्यम से प्रसूता मृत्यु एवं गर्भवती महिलाओं से जुड़े मामलों में एएनएम को जिम्मेदार ठहराकर कार्रवाई की जा रही है, जिसका संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ का कहना है कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला हैं। वे सीमित संसाधनों और आवश्यक उपकरणों के अभाव में भी गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं की देखभाल, समय पर पंजीकरण, जांच, परामर्श, टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, आयुष्मान कार्ड, टीबी एवं कुष्ठ रोग सर्वे सहित अनेक योजनाओं का संचालन करती हैं। इसके अलावा यू-विन, पीसीटीएस, एनसीडी और निश्चय जैसे विभिन्न पोर्टलों पर नियमित डेटा एंट्री का कार्य भी करती हैं। संघ ने कहा कि एएनएम अपने कार्यक्षेत्र में उच्च जोखिम (एचआरपी) वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें समय पर उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करती हैं। इसके बावजूद बाद में होने वाली प्रसूता मृत्यु के लिए एएनएम को दोषी ठहराना अनुचित है। साथ ही अधिकारियों द्वारा मानसिक दबाव बनाना भी न्यायसंगत नहीं है। ज्ञापन में मांग की गई कि उच्च जोखिम (एचआरपी) गर्भवती एवं प्रसूता मृत्यु के मामलों में एएनएम को दोषी नहीं ठहराया जाए तथा उन पर अतिरिक्त कार्यों का बोझ न डाला जाए। साथ ही एचआरपी मामलों की आरसीएच पोर्टल पर एंट्री से संबंधित धारा-17 (लघु शास्ति) के तहत जारी कार्रवाई एवं वेतन वृद्धि में शिथिलता बरती जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो एलएचवी /एएनएम संघ ऑफ राजस्थान पूरे राज्य में गांधीवादी तरीके से धरना-प्रदर्शन एवं हड़ताल करेगा, जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान एएनएम लीला मीणा, रेखा मीणा, शिला गुर्जर, टीना मीणा, सोनल, शारदा रेगर, चंद्रकांता धाकड़, पूजा मीणा, सोमती गुर्जर, नीतू, अनुराधा, नीलम मीणा, पारस सहित अनेक एएनएम उपस्थित रहीं।





मुख्यमंत्री युवा सुयोग का शुभारंभ कार्यक्रम, खेल-खेल में राष्ट्र निर्माण से जुड़ेंगे राजस्थान के युवा

# पंचायत और वार्डों में विकसित होगा युवा नेतृत्व : मुख्यमंत्री

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खेल-खेल में युवाओं को राष्ट्र निर्माण, खेल और कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री युवा सुयोग का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं की शक्ति को सामर्थ्य में बदलने के लिए युवा सुयोग प्लेटफॉर्म एक सही दिशा, सही अवसर और सही मंच उपलब्ध कराएगा। क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल जैसे सामूहिक खेलों के माध्यम से प्रदेश की प्रत्येक पंचायत और वार्ड में युवा नेतृत्व विकसित होगा और वे अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 65 प्रतिशत युवा आबादी के साथ हमारा देश विश्व का सबसे युवा देश है। यही युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा शक्ति को राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय सहभागी बनाने के लिए माय भारत की अभिनव पहल की है। इसी से प्रेरणा



लेते हुए राज्य सरकार ने सुयोग प्लेटफार्म जैसी क्रांतिकारी शुरूआत की है। इस प्लेटफॉर्म को माय भारत पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि युवा को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

**मुख्यमंत्री ने किया खिलाड़ियों और युवाओं से संवाद**

मुख्यमंत्री ने बारां और बगरू के खिलाड़ियों और युवाओं से संवाद करते हुए उनके विचार जाने। युवाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस पहल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का प्रभावी मंच मिलेगा। साथ ही, युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर भी सुलभ होंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता के अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्थानीय प्रतिभाएं खेल के मैदान में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

**पहली से लेकर अंतिम सीढ़ी तक युवाओं का सहयोग कर रही राज्य सरकार**

उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलने का मौका मिलता रहे और उनकी रूचि विकसित हो, इसके लिए राज्य सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। गांव से लेकर कस्बों तक खेल सुविधाओं एवं सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। हमारी सरकार युवाओं से विभिन्न विषयों पर संवाद कर उनके सुझावों को बजट में शामिल कर रही है।

## न्यूज़ इन बॉक्स



### जयपुर में कांग्रेस नेताओं का भाजपा कार्यालय कूच

**केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़क पर उतरे गहलोत-डोटासरा**

जयपुर। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जयपुर में कांग्रेस लगातार दूसरे दिन सड़क पर उतरी है। कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश कार्यालय घेरने निकले हैं। पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे हैं। कांग्रेस के घेराव में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

**पुलिस फोर्स तैनात:** कांग्रेस कार्यकर्ता अब बीजेपी मुख्यालय का घेराव करने निकलेंगे। हालांकि पुलिस की ओर से संसार चंद रोड पर बीच में ही इन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर रखी है।

केंद्र सरकार का पुतला फूंका: कांग्रेस नेताओं ने भाजपा मुख्यालय के लिए कूच से पहले पीसीसी के बाहर केंद्र सरकार का पुतला फूंका। कांग्रेस नेता नारेबाजी कर रहे हैं।



### संगीत, सम्मान और मनोरंजन के साथ आईडब्लूटीसी सीजन-3 का भव्य समापन

जयपुर(नि.सं.)। संगीत, सम्मान और मनोरंजन के भव्य संगम के साथ सोमवार देर रात इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्लूटीसी) सीजन-3 का समापन हुआ। आईडब्लूटीसी के डायरेक्टर अरशद हुसैन ने बताया कि पर्यटन मंत्री, आंध्र प्रदेश, कुंडला दुर्गेश; डॉ अजय जैन और ऋतुराज खन्ना ने समारोह में आए 600 से अधिक देश-विदेश के वेडिंग, हॉस्पिटैलिटी, टूरिज्म और इवेंट इंडस्ट्री के उत्कृष्ट योगदान को वेड इन इंडिया अवार्ड से विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया। इस वर्ष देश और विदेश से मिली अभूतपूर्व भागीदारी ने आईडब्लूटीसी की वैश्विक पहचान को और मजबूत किया है। सभी प्रतिनिधियों, वक्ताओं, पर्यटन बोर्डों, प्रदर्शकों, सहयोगी संस्थाओं और साझेदारों का आभार व्यक्त करते हुए मैं गौरवान्वित महसूस करता हूँ। मास्टर क्लास सत्रों, बिजनेस नेटवर्किंग, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीतमय कार्यक्रम ने आईडब्लूटीसी को इवेंट इंडस्ट्री के लिए एक अविस्मरणीय आयोजन बना दिया। कॉन्क्लेव में फोरम के प्रेसिडेंट, हितेंद्र शर्मा; वाईस प्रेजिडेंट, अजय चौहान; सेक्रेटरी, भुवनेश अग्रवाल, पूर्व प्रेसिडेंट, मोहित माहेश्वरी और महावीर शर्मा तथा कार्यकारिणी उपस्थित रही।




मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य भवन में सुरक्षित मातृत्व सेवाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की

## हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की मॉनिटरिंग और डिजिटल ट्रैकिंग व्यवस्था होगी और मजबूत:मुख्य सचिव



जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश में सुरक्षित मातृत्व सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा गर्भवती महिलाओं के रेफरल प्रबंधन को डिजीटल माध्यम से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने स्वास्थ्य भवन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं, हाई रिस्क गर्भवतियों की निगरानी, रेफरल प्रबंधन, डिजिटल ट्रैकिंग तथा प्रसव सुविधा वाले राजकीय अस्पतालों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पिछले 24 घंटे में प्रदेश के विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों में हुए सभी सिजेरियन प्रसव तथा हाई रिस्क गर्भवतियों की स्थिति की अधिकारियों एवं फील्ड स्वास्थ्यकर्मियों से सीधे जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि में सभी प्रसव सुरक्षित रहे। इस पर उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा फील्ड स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों को भर्ती सभी प्रसूताओं की सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने जयपुर, चूरू, झुंझूनूं जिलों की एएनएम से भी सीधे संवाद किया। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवतियों के नियमित फॉलोअप, संभावित प्रसव तिथि की निगरानी, समय पर चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित रेफरल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज द्वारा विकसित 'सेतु डिजिटल इमरजेंसी हेल्थकेयर सॉफ्टवेयर' की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में भी सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से इसी प्रकार का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं अन्य फील्ड स्वास्थ्यकर्मियों को उपलब्ध कराई जाए।

क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के मूल्यांकन के मापदण्ड जारी

## जवाबदेही का होगा निर्धारण, रियल टाइम सर्विस होगी प्राथमिकता:शर्मा



जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर जिन्स की खरीद करने से लेकर कृषि आदानों की मांग के अनुसार आपूर्ति करने, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र की सेवायें मुहैया कराने और कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किराये पर खेतीबाडी में काम आने वाले उपकरण और ड्रोन जैसी सुविधा प्रदान करने के लिये क्रय-विक्रय सहकारी समितियों का संचालन किया जा रहा है। इन समितियों में अधिकारियों एवं कार्मिकों की दक्षता एवं उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं की रियल टाइम सर्विस डिलेवरी को सुनिश्चित करने के साथ जवाबदेही के निर्धारण के लिये सहकारिता विभाग द्वारा मूल्यांकन के मापदण्ड जारी किये हैं। शासन सचिव, सहकारिता द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं का संचालन सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है। इसलिये यह हमारा प्राथमिक कर्तव्य है कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुसार योजनाओं का निष्पादन किया जाये। उन्होंने समितियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को कहा कि वे सरकार की योजनाओं का फायदा लक्षित किसान तक पहुंचाने के लिये रियल टाइम सर्विस डिलेवरी को प्राथमिकता बनायें और उनके प्रति जवाबदेह बनें।



### सांवलियाजी को चढ़ाई 25.65 लाख की चांदी की सिल्लियां

**श्रद्धालु ने बेटे के लिए मांगी थी मन्नत, पूरी होने पर MP से आया परिवार**

चित्तौड़गढ़(वि.सं.)। चित्तौड़गढ़ में सांवलिया सेठ मंदिर में बुधवार को एक श्रद्धालु ने 11 किलो 400 ग्राम वजन चांदी की 19 सिल्लियां भेंट कीं। इनकी बाजार कीमत करीब 25 लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है। मध्यप्रदेश के देवास जिले के सोहनगंज क्षेत्र निवासी श्रद्धालु ने अपना नाम सार्वजनिक नहीं किया। मंदिर प्रशासन को बताया कि उसने बेटे से जुड़ी एक मनोकामना लेकर सांवलिया सेठ के दरबार में प्रार्थना की थी। कुछ समय बाद जब उसकी मन्नत पूरी हो गई तो वह धन्यवाद देने के लिए यह भेंट लेकर परिवार के साथ मंदिर पहुंचा। मंदिर प्रशासन ने जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन सिल्लियों को भंडार में सुरक्षित जमा करा दिया।

सहकारी भण्डारों को मिली रैंकिंग

## अजमेर भण्डार प्रथम, बीकानेर दूसरे और कोटा तीसरे स्थान पर रहा



जयपुर(नि.सं.)। शासन सचिव, सहकारिता डॉ. समित शर्मा ने जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों की राज्य स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक में सभी महा प्रबंधकों को निर्देश दिये कि वे विभागीय मापदण्डों के अनुसार राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें ताकि उपभोक्ताओं को अधिकाधिक लाभान्वित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि विभाग प्रति माह 9 बिन्दुओं के आधार पर सभी जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डारों की रैंकिंग जारी करेगा तथा वर्ष के अन्त में सर्वश्रेष्ठ भण्डारों को सम्मानित किया जायेगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि आरजीएचएस योजना के तहत लाभार्थियों को गुणवत्तायुक्त दवाइयों की उपलब्धता, आमजन को किफायती मूल्य पर जैनेरिक दवाइयां तथा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से दवाइयों व सर्जिकल आइटम्स को उपलब्ध कराने में सफलता के आधार पर भण्डारों को 15 अंक मिलेंगे।

उपभोक्ता सामग्री एवं श्रीअन्न के व्यवसाय, समिति के व्यवसाय के लेखांकन व ऑडिट तथा अनुपयोगी परिसम्पत्तियों के निस्तारण के लिये 5-5 अंक निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि संचालक मण्डल की उप विधियों के अनुसार बैठकों एवं आमसभा का आयोजन करने तथा भण्डार के टर्नओवर व लाभ में वृद्धि के आधार पर 5-5 अंक दिये जायेंगे।



### बिजासन माता मंदिर आए भाई-बहन को लाठी-डंडों से पीटा

**खिलौने खरीदने के दौरान दुकानदार से हुआ था झगड़ा, 5 आरोपी गिरफ्तार**

बूंदी। बूंदी जिले के इंद्रगढ़ में प्रसिद्ध बिजासन माता मंदिर में दर्शन करने आए भाई-बहन के साथ दुकानदार ने मारपीट की। कोटा जिले के अयाना इलाके से आए भाई-बहन और एक दुकानदार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर दुकानदार ने अन्य लोगों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। इस दौरान मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। 20 जुलाई को हुए पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। इंद्रगढ़ थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता हेमलता बैरवा पत्नी सत्यनारायण बैरवा निवासी सुवास थाना किशनगंज (बारां) ने इंद्रगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

अलवर जेल में बंदियों तक मोबाइल, तंबाकू-बीड़ी पहुंचाने की कोशिश

## दीवार पर बिजली के तारों में थैली फंसी मिली; 5 मोबाइल सहित प्रतिबंधित सामान बरामद

अलवर(वि.सं.)। अलवर के केंद्रीय कारागृह में सुरक्षा व्यवस्था के दौरान बड़ी लापरवाही उजागर हुई। जेल की बाहरी दीवार (मैनवॉल) के ऊपर बिजली के तारों के बीच एक सफेद थैली लटकी मिली। तलाशी लेने पर उसमें 5 कीपैड मोबाइल, 14 कुबेर तंबाकू के पाउच, 14 बीड़ी के बंडल और पांच डेटा केबल बरामद हुई। मामले में जेल प्रशासन ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट देकर एफआईआर दर्ज करवाई है। जेल प्रशासन के



अनुसार- हल्का नंबर-2 के इंचार्ज मुख्य प्रहरी अमरचंद शर्मा मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उत्तर दिशा की मैनवॉल के ऊपर बिजली के तारों में एक सफेद थैली लटकी दिखाई दी। सूचना मिलने पर कारापाल पवन और प्रहरी सुरेश सामोता मौके पर पहुंचे। सीढ़ी की मदद से थैली को नीचे उतारकर जांच की गई।

**बंदियों तक पहुंचाने के लिए बाहर से फेंकी थैली**

जेल प्रहरियों ने थैली खोली तो उसमें पांच बिना सिम वाले कीपैड मोबाइल फोन, पांच डेटा केबल, 14 कुबेर तंबाकू पाउच और 14 बीड़ी के बंडल मिले। जेल प्रशासन ने सभी सामान जब्त कर सीलबंद किया और कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया। आशंका है।

खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी | मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान बना खनन का सिरमौर

## प्रधान खनिजों के 141 ब्लॉकों की ई-नीलामी के साथ राजस्थान देशभर में अव्वल, विगत ढाई वर्ष में प्रदेशभर में 102 मिनरल ब्लॉक की हुई नीलामी

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान खनन क्षेत्र का सिरमौर बन कर उभर रहा है। प्रधान खनिजों के 141 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी के साथ राजस्थान ने प्रधान खनिजों की नीलामी में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।

**ई-नीलामी प्रक्रिया से बदल रही प्रदेश में खनन की तस्वीर**

खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा ई-नीलाम किये गये 141 प्रधान खनिज ब्लॉकों में से 105 खनिज ब्लॉकों की माइनिंग लीज और 30 खनिज ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की गई है। इसके अलावा एक एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए



नीलामी की गई है। सामरिक महत्व को देखते हुए इनमें से राजस्थान से ही 7 क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉकों की नीलामी भारत सरकार द्वारा की गई है। राज्य में ई-नीलामी प्रक्रिया लागू होने के बाद से अब तक सर्वाधिक 101 लाइमस्टोन के ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

इसके अलावा आयरन ओर के 13, बेसमेटल के 8, सिलियस अर्थ के 4, मैगनिज के 3, गोल्ड के 2, पोटाश एवं हैलाइट के 2, रेयर अर्थ एलिमेंट के 4 और गार्नेट, एमरल्ड, फ्लोराइट व रॉक फास्फेट के एक-एक ब्लॉकों की नीलामी हुई है। विभाग का फोकस नीलाम ब्लॉकों को परिचालन में लाने पर है। मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में खनिज खोज और खनिज ब्लॉकों के योजनाबद्ध नीलामी की प्रभावी कार्ययोजना तैयार की गई। जिसके परिणामस्वरूप राजस्थान के खान विभाग ने मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। चालू वित्तीय वर्ष के भी आरंभिक तीन-साढ़े तीन माह में ही 14 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की जा चुकी है।

खनन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 55 प्रधान खनिज ब्लॉकों की नीलामी की कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन शुरु किया है। राज्य सरकार ने विगत ढ़ाई वर्षों में 102 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की है जबकि इससे पहले नई व्यवस्था लागू होने से लेकर 14 दिसंबर, 2023 तक केवल 39 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ही नीलामी हुई थी।

# सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले जिम्बाब्वे ने घोषित की टीम, त्सिगा को मौका

**हरारे, एजेंसी।** भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम का एलान कर दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमों के बीच पहला मैच गुरुवार को होगा और इससे एक दिन पहले ही टीम घोषित हुई है। 15 सदस्यीय टीम में पहली बार विकेटकीपर बल्लेबाज तफादजवा त्सिगा को शामिल किया गया है। इसके साथ ही ऑलराउंडर वेस्ली मधेवेरे और पेसर न्यूमैन न्यामहुरी की जिम्बाब्वे टी20 टीम में वापसी हुई है।

ये तीनों खिलाड़ी क्लाइव मडेंडे, टिनोटेंडा मापोसा और ताशिंगा मुसेकिवा की जगह टीम में आए हैं, जो हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेलने वाली टीम का हिस्सा थे। टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 23 जुलाई को खेला जाना है। वहीं, दूसरा मैच 25 जुलाई और अंतिम मैच 26 जुलाई को होगा। सीरीज के सभी मुकाबलों की मेजबानी हरारे का हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान करेगा।

जिम्बाब्वे की ओर से 10 टेस्ट मैच खेल चुके त्सिगा ने अब तक सफेद गेंद की क्रिकेट में अपना डेब्यू नहीं किया है। बांग्लादेश सीरीज के दौरान टेस्ट और वनडे टीम में शामिल रहे मधेवेरे जुलाई 2025 के बाद पहली बार टी20 टीम में लौटे हैं। वह अब तक जिम्बाब्वे की ओर से कुल 79 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। वहीं, न्यामहुरी चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। चोट के चलते वह बांग्लादेश के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में



टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। न्यामहुरी की जगह बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लेने वाले तनाका चिवांगा टीम में अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं।

### सिकंदर रजा करेंगे अगुआई

टीम की कमान सिकंदर रजा के हाथों में सौंपी गई है। बांग्लादेश के खिलाफ रजा की अगुआई में जिम्बाब्वे का प्रदर्शन शानदार रहा था। टीम ने एकमात्र टेस्ट और वनडे सीरीज को दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया था। हालांकि, टी20 सीरीज में जरूर जिम्बाब्वे को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। मेजबान टीम के सामने भारत की मुश्किल चुनौती होगी। हालांकि, टीम इंडिया को हाल ही में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा है। भारत और जिम्बाब्वे की आखिरी भिड़ंत टी20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 स्टेज में हुई थी, जहां भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रनों से हराया था।

**भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम:** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, तनाका चिवांगा, बेन करन, ब्रैड इवांस, वेस्ली मधेवेरे, तदीवानाशे मारुमानी (विकेटकीपर), वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजारबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामहुरी, मिल्टन शुम्बा, और तफादजवा त्सिगा (विकेटकीपर)।



# लगातार तीसरा स्वर्ण जीतने पर टिकीं मीराबाई चानू की निगाहें, 48 किलो वर्ग में होगा आखिरी टूर्नामेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ग्लासगों में 26 जुलाई को इतिहास रचने उत्तरेंगी। चानू लगातार तीसरे राष्ट्रमंडल खेल में स्वर्ण जीतने उतरेंगी, जो उनका लगातार चौथा पदक होगा। फिर भी उनकी निगाहें राष्ट्रमंडल से ज्यादा एशियाई खेलों पर हैं। बर्मिंघम में तैयारी कर रहीं मीरा ने अमर उजाला को बताया कि किसी भी बड़े खेल से पहले खिलाड़ी की कोशिश उच्चस्तरीय फॉर्म पाने की रहती है, लेकिन वह ग्लासगो में ज्यादा जोर नहीं लगाएंगी। उनकी 200 किलो वजन उठाने की भी कोशिश नहीं रहेगी। वह अपनी पीक 19 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में हासिल करेंगी, जहां उनकी कोशिश अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ (205 किलोग्राम वजन) को पीछे छोड़ने की होगी।

### एशियाड में 49 किलो में खेलेंगी चानू

चानू ग्लासगों में 48 किलो में खेलेंगी, जबकि एशियाड में उन्हें 49 किलो में खेलना है। चानू को मालूम है कि यह 48 किलो में उनका अंतिम टूर्नामेंट है। यह भार अब ओलंपिक से बाहर हो गया है। मीरा ने इस भार में साल 2014 में रजत, 2018 में गोल्डकोस्ट में स्वर्ण और 49 किलो में बर्मिंधम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। चानू कहती हैं कि वह फुल लोड नहीं लेकर एशियाड के लिए अच्छी तरह रिकवरी करना चाहती हैं।

### चाहकर भी नहीं बन पा रही थीं ध्वजवाहक

चानू पहली बार भारतीय दल की ध्वजवाहक बनने जा रही है। मीरा कहती हैं हैं कि उनका सपना था कि वह किसी खेल के उद्घाटन समारोह में तिरंगा उठाएं। हमेशा उद्घाटन के अगले दिन कंपटीशन रहने के चलते वह चाहकर भी ध्वजवाहक नहीं बन पाती थीं। इस बार कंपटीशन समारोह के बाद है, जिससे उन्हें यह मौका मिल गया। भारतीय टीम के कोच विजय शर्मा के मुताचिक, मीरा के सामने नाइजीरिया की रूथ असोडको और मलयेशिया की इरिन जेन हेनरी की चुनौती हैं। रूथ ने बीते वर्ष भारत में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में 167 किलो से रजत और इरिन ने 161 किलो से कांस्य जीता था। ऐसे में मीरा के सामने यहां बड़ी चुनौती नहीं है।

# कुलदीप ने काउंटी क्लब यॉर्कशायर से किया करार

**लीड्स।** भारतीय टीम के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने बुधवार को इंग्लिश काउंटी क्लब यॉर्कशायर से करार किया है। कुलदीप मौजूदा सीजन में टीम के लिए आठ मुकाबले खेलेंगे। कुलदीप पिछले कुछ समय से भारतीय प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं बन रहे हैं। लेकिन अब वह काउंटी क्रिकेट में खेलेंगे। कुलदीप वनडे कप के पांच मैच खेलने के साथ ही तीन लाल गेंद क्रिकेट के मुकाबले खेलेंगे।

यॉर्कशायर क्लब ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी देते हुए कहा, यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब को भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को विदेशी खिलाड़ी के तौर पर साइन करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। 31 साल के कुलदीप वन डे क' के पांच मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे और इसके बाद सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप के आखिरी चार में से तीन मैचों के लिए हेडिंग्ले लौटेंगे।

### यॉर्कशायर से जुड़ने पर उत्सुक कुलदीप




यॉर्कशायर से जुड़ने पर कुलदीप ने कहा, यॉर्कशायर से जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है और मैं इस मौके के लिए आभारी हूं। यॉर्कशायर के गौरवशाली इतिहास वाले क्लब का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सचमुच सम्मान की बात होगी। मुझे हमेशा से इंग्लिश कंडिशन्स में खेलने की चुनौती पसंद रही है और मैनेजमेंट से बात करने के बाद मैं टीम से जुड़ने के लिए बहुत उत्साहित हो गया हूं।

# अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे कोहली, प्रेमानंद महाराज के किए दर्शन, कीचड़ में नंगे पैर चले

**वृंदावन।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली बुधवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे जहां दोनों ने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली इससे पहले आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद भी प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। मालूम हो कि आरसीबी ने इस सीजन खिताब अपने नाम किया था। 29 जुलाई को गुरू पूर्णिमा है और इससे पहले ही कोहली ने अनुष्का संग प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए हैं।

कोहली और अनुष्का को श्री हित राधा केली कुंज आश्रम में नंगे पैर घूमते हुए देखा गया और उनके इस दौरे के वीडियो तेजी



से सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। ऑनलाइन वायरल हो रहे कई वीडियो में इन दोनों को कड़ी सुरक्षा के बीच आश्रम पहुंचते हुए देखा जा सकता है। अनुष्का और विराट दोनों ने ही फेस मास्क पहनकर अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की। आश्रम से बाहर निकलते समय विराट और अनुष्का ने हाथ में प्रसाद लिया हुआ था और वे कीचड़ भरे रास्तों पर नंगे पैर चल रहे थे।

प्रेमानंद महाराज के दर्शन लिए अनुष्का ने सिंपल सफेद सलवार-सूट पहना, जबकि विराट टी-शर्ट और पैंट में कैजुअल लुक में नजर आए। प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने से पहले, यह दोनों आश्रम परिसर में घूमते हुए दिखे। कोहली और अनुष्का की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

# रोहित ने लगाई लंबी छलांग नंबर-1 की दौड़ हुई रोमांचक

*नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड दौरे पर लॉर्ड्स में खेली गई शानदार 138 रन की पारी का इनाम भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में मिला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा जारी साप्ताहिक रैंकिंग में रोहित 14 रेटिंग अंक की बढ़त के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं और अब वह शीर्ष स्थान की दौड़ में मजबूती से शामिल हो गए हैं।*

### डेरिल मिचेल का दबदबा

फिलहाल न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 802 रेटिंग अंकों के साथ नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं। भारत के शुभमन गिल 801 अंकों के साथ महज एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 767 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर कायम हैं। रोहित शर्मा 758 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### ऐतिहासिक शतक का मिला इनाम

रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे में 110 गेंदों पर 138 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 17 चौके और पांच छक्के लगाए। खास बात यह रही कि वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर वनडे शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। भारत को 388 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करना था। हालांकि रोहित की शानदार पारी के बावजूद टीम इंडिया 27 रन से मुकाबला हार गई और तीन मैचों की सीरीज 1-2 से गंवा बैठी।

### संन्यास की अटकलों पर रोहित का जवाब

सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले रोहित शर्मा के वनडे भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन उन्होंने अपने बल्ले से सभी सवालों का जवाब दिया। मैच के बाद रोहित ने कहा, 'जब से मैंने डेब्यू किया है, तब से मेरे बारे में बातें होती रही हैं और जब तक मैं खेलूंगा, होती रहेंगी। मेरे लिए सबसे अहम बात मैदान पर प्रदर्शन करना और टीम की सफलता में योगदान देना है। अगर शोर नहीं होगा तो मजा भी नहीं आएगा।'

### इंग्लैंड को भी हुआ फायदा

भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज के बाद इंग्लैंड के कई खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। जो रूट 249 रन बनाने के बाद चार स्थान की छलांग लगाकर आठवें नंबर पर पहुंच गए। बेन डकेट 11 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर पहुंच गए। जैकब बेथेल पांच स्थान की बढ़त के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे ऊपर अफगानिस्तान के राशिद खान पहले और पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे स्थान पर हैं।

### भारत के लिए सकारात्मक संकेत

ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में भारत के तीन बल्लेबाज शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा टॉप-4 में शामिल हैं। इससे साफ है कि भारतीय बल्लेबाजी इस समय विश्व क्रिकेट में सबसे मजबूत इकाइयों में से एक बनी हुई है। खास तौर पर गिल और रोहित की हालिया फॉर्म ने नंबर-1 रैंकिंग की जंग को बेहद रोमांचक बना दिया है।




# इंग्लैंड में नहीं चला बल्ला, जिम्बाब्वे के खिलाफ दम दिखाने के लिए तैयार वैभव, आत्मविश्वास बरकरार

**हरारे।** भारतीय बल्लेबाजी के उभरते युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी ने स्वीकार किया है कि पिछले चार महीनों में उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। हालांकि, जिम्बाब्वे के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टी20 सीरीज से पहले वैभव का आत्मविश्वास पूरी तरह से बरकरार है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज होनी है जिसका पहला मैच गुरुवार को हरारे में खेला जाएगा।



### टीम में बनाई जगह

15 वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत के आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे की टी20 टीम में जगह बनाई थी। बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में दूसरे टी20 में उन्होंने अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। इसके साथ ही वह सचिन तेंदुलकर के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़कर भारत के लिए डेब्यू करने वाले सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन गए।इसके बाद वैभव ने अगले तीन मैच खेले, लेकिन वह केवल मामूली स्कोर ही बना सके। पांचवें और अंतिम टी20 में संजू सैमसन की वापसी के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया। भारत यह सीरीज 0-4 से हार गया। महज तीन पारियों के बाद युवा सलामी बल्लेबाज को बाहर करने के टीम प्रबंधन के फैसले पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाए और आलोचना की। अंतिम मैच से बाहर किए जाने के बाद यह युवा खिलाड़ी भावुक नजर आया था। कम उम्र में ऐसी निराशाओं का सामना करने पर सूर्यवंशी ने बताया कि आसपास के लोगों से मिले समर्थन ने उन्हें आगे बढ़ने और ध्यान केंद्रित करने में मदद की।

### प्रक्रिया का पालन जरूरी

सूर्यवंशी ने बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा, हां, पिछले चार महीनों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। यह क्रिकेट का हिस्सा है और ऐसा होता रहेगा। लेकिन मुझे प्रक्रिया का पालन करना है और टीम के लिए अपना 100 प्रतिशत देना है। यह एक स्वाभाविक बात है कि मुझे जिस मार्गदर्शन या अभ्यास की आवश्यकता है, कोच मुझे वह उपलब्ध करा रहे हैं। बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और आत्मविश्वास भी है।फरवरी में भारत के सफल अंडर-19 विश्व कप अभियान में सूर्यवंशी की अहम भूमिका रही थी। इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में उन्होंने महज 80 गेंदों में 175 रनों की तूफानी पारी खेलकर भारत को चैंपियन बनाया था। इस मैदान की यादों को साझा करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बहुत ही यादगार मैदान है। सिर्फ चार महीने पहले हमने यहां अंडर-19 विश्व कप का फाइनल खेला और जीता था। भारत का प्रतिनिधित्व करना हर किसी का सपना होता है और यह एक बहुत खास पल है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com